दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 303 जयपुर, गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### 'SC की हर बेंच सुप्रीम कोर्ट है', केंद्र को सुप्रीम फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बुधवार को कोर्टरूम में तब भड़क गईं, जब उनकी बेंच द्वारा पारित एक आदेश को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार सीजेआई चंद्रचूड़ की अदालत पहुंच गई। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हर बेंच सुप्रीम कोर्ट है और उसका आदेश सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। आवेदन का मौखिक उल्लेख करने पर जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र के एएसजी को फटकार लगाई। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि यदि ऐसी मिसाल कायम की गई तो अदालती व्यवस्था चरमरा जाएगी।

### बिहार में बेपटरी हुई नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस



**बक्सर।** बिहार के बक्सर से आ रही है जहां नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई है। जानकारी के मुताबिक इस हादसे में ट्रन की कई बोगियां बेपटरी होकर खेत में जा गिरी है। हादसा बक्सर जिला के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ है। जैसे ही यह ट्रेन बक्सर से रघुनाथपुर पहुंच रही थी वैसे ही ट्रेन की कई बोगियां पटरी से उतर गई। इस मामले की पुष्टि पुलिस द्वारा भी कर दी गई है। बक्सर एसपी ने बताया कि ट्रेन संख्या 2506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतर गई है। घटनास्थल की ओर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम रवाना हुई है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**भारत निर्वाचन आयोग का बड़ा फैसला:** राजस्थान में मतदान की तारीख बदली, नया चुनाव कार्यक्रम जारी

# देवउठनी एकादशी के कारण बदलनी पड़ी वोटिंग की तारीख

बेधड़क | जयपुर

23 नवंबर को देवउठनी एकादशी का अबूझ मुहूर्त होने के कारण भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 की तारीखों में बदलाव की घोषणा की है। अब यहां मतदान 23 की बजाय 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से राजस्थान विधानसभा चुनाव की नई तारीखों की घोषणा के बाद अब 30 अक्टूबर को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा। 6 नवंबर को नामांकन दाखिल करने का अंतिम होगा। और 7 नवंबर को नामांकन की जांच होगी। 9 नवंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 25 नवंबर को मतदान होगा और 3 दिसंबर को मतगणना होगी यानी रिजल्ट जारी होगा। बता दें, "सच बेधड़क" ने इस कारण वोटिंग पर असर की आशंका 10 अक्टूबर के अंक में जता दी थी।




### "सच बेधड़क" ने 10 अक्टूबर के अंक में ही जता दी थी इस दिन वोटिंग पर असर की आशंका


पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 भारत निर्वाचन आयोग ने घोषित किया कार्यक्रम

राजस्थान में 23 नवंबर को मतदान
3 दिसंबर को पांचों राज्यों के नतीजे

राजस्थान में फर्स्ट टाइम वोटर्स 22 लाख 06 हजार

छत्तीसगढ़ में दो चरण में वोटिंग, बाकी चार राज्यों में एक चरण

जिस दिन वोटिंग, उस दिन अबूझ मुहूर्त... पड़ेगा असर!

जिस दिन राजस्थान में वोटिंग है, उस दिन देवउठनी एकादशी का सबसे बड़ा अबूझ सावा है। माना जा रहा है कि इससे वोटिंग प्रतिशत पर असर पड़ेगा, क्योंकि इस दिन राजस्थान में लगभग 1 लाख शादियां होंगी। इस दिन बड़े पैमाने पर लोग दूसरे गांव में बारातों में और भात भरने दूसरे गांवों-शहरों में जाते हैं। इसी तरह हलवाई, बैंड बाजे वाले कैटरिंग वाले और व्यापारी और पुजारी शादी के काम से जुड़ा कारोबार करने वाले सभी लोग व्यस्त रहते हैं।

### बैंड, बाजा और बारात बनी वजह

विदित है कि राजस्थान में चुनाव की पूर्व घोषणा के अनुसार 23 नवंबर को मतदान होना था। 23 नवंबर को देव उठनी एकादशी पर्व होने के कारण इस दिन मतदान को लेकर लोगों ने आशंका जताई थी। दरअसल, देव उठनी एकादशी को अबूझ सावा माना जाता है। इस दिन राज्य में करीब एक लाख शादियां होंगी। लाखों लोग इन शादियों, बारातों और भात भरने में व्यस्त रहते हैं यानी बैंड, बाजा और बारात के बीच वोटिंग को लेकर जब सवाल उठने लगे तो चुनाव आयोग की ओर से मतदान की तारीख बदलने का फैसला लिया गया। अब चुनाव आयोग ने राज्य कबे चुनावी शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। हालांकि वोटों की गिनती और नतीजे की तारीख वही 3 दिसंबर ही रहेगी।

**BJP** पहली लिस्ट के बवाल पर जुटी डैमेज कंट्रोल में

# राजवी से मिले अरुण सिंह फिर जारी हुआ स्पष्टीकरण

- टोंक पहुंचे राठौड़, कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का संदेश
- प्रत्याशियों के खिलाफ लगे नारे, सांचौर में हमला... काले झंडे

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की 41 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद से मचे बवाल और बगावती सुरों ने पार्टी पदाधिकारियों की टेंशन बढ़ा दी है। इसे लेकर भाजपा पूरी तरह से डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। इस बीच बुधवार को कई सियासी नजारे देखने को मिले। बगावती सुरों को दबाने के लिए कहीं मान मनुहार का दौर चला तो कोई बयान देकर पलट गया। कहीं टिकट कटे नेताओं और प्रत्याशियों का आमना-सामना हुआ तो कहीं समर्थकों ने प्रत्याशियों को काले झंडे दिखाए व नारेबाजी कर विरोध जताया।

पहली सूची में भाजपा ने 7 सांसदों को टिकट दिए। इससे कई प्रमुख दावेदारों के टिकट कट गए। इसमें पूर्व उपराष्ट्रपति और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे भैरों सिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी का नाम भी शामिल है। उनकी जगह विद्याधर नगर से दीया कुमारी को प्रत्याशी बनाया गया। इस पर राजवी द्वारा मंगलवार को दिए एक बयान के बाद बढ़े बवाल और एक जाति विशेष में नाराजगी को देखते हुए भाजपा डैमेज कंट्रोल में जुटी गई और बुधवार सुबह भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह नरपत सिंह के आवास पहुंचे और उन्होंने राजवी की मान मनुहार की। इसके बाद राजवी ने एक स्पष्टीकरण जारी किया कि उन्होंने किसी भी समाचार पत्र या न्यूज चैनल को कोई वक्तव्य नहीं दिया हैं। वे तो 23 अक्टूबर को शेखावत के जन्मशताब्दी दिवस की बैठकों में जुटे हुए हैं।

### यह था राजवी का बयान

गौरतलब है कि राजवी ने अपने कहा था कि पता नहीं मुगलों के आगे घुटने टेकने वाले और महाराणा प्रताप के खिलाफ लड़ने वाले परिवार पर पार्टी मेहरबान क्यों है, जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। अब राजवी कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। इधर, विद्याधर नगर से भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी ने राजवी और उनके समर्थकों की बयानबाजी पर कहा कि वह इस पर कुछ नहीं कहेंगी। स्व. भैरों सिंह शेखावत उनके पिता समान हैं, उनके परिवार से मुझे सपोर्ट की उम्मीद है। मैंने चुनाव लड़ने से पहले राजवी का आशीर्वाद लिया था।



### सांचौर में देवजी के काफिले पर हमला

सांचौर से भाजपा प्रत्याशी व जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल के काफिले पर हमला हो गया। इस दौरान हमलावरों ने पटेल की गाड़ी और उनके साथ काफिले में शामिल अन्य वाहनों पर पथराव किया, जिससे तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। साथ ही, काले झंडे दिखाकर पटेल का विरोध किया गया। इस घटना को लेकर सांसद पटेल के निजी सचिव गणपत लाल ने सांचौर थाने में मामला दर्ज करवाया है। वहीं झोटवाड़ा, कोटपूतली, देवली-उनियारा, किशनगढ़, तिजारा, नगर, बानसूर, सांचौर, झुंझुनूं और डूंगरपुर सीट पर विरोध नजर आया।

### राठौड़ के जाते ही गूंजा 'बैंसला गो-बैक'



टोंक में देवली-उनियारा सीट पर विजय बैंसला को टिकट देने को लेकर हुए विरोध के मद्देनजर बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ टोंक पहुंचे और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। फिर, उन्होंने दावा किया कि किसी तरह का विरोध नहीं है। दिलचस्प नजारा तो तब दिखा जब उनके जाते ही दोबारा गो-बैक विजय बैंसला के नारे लगने लगे। राठौड़ ने विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं से वन टू वन बात की और कहा कि भाजपा कैडर बेस्ड पार्टी है। पार्टी जिसको जहां से जो जिम्मेदारी देगी, उसे हर कार्यकर्ता निभाएगा।

### फिलहाल राजपाल सिंह शेखावत चुप

उधर, झोटवाड़ा विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पहुंच अपने ही पार्टी के सांसद वर्तमान प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का विरोध किया था। अलबत्ता, बुधवार को उनकी ओर से कोई विरोध सामने नहीं आया। बताया जा रहा है कि अरुण सिंह और अरुण चतुर्वेदी की हुई मुलाकात के बाद उन्हें कोई आश्वासन मिला है।

### अनीता के घर पहुंचे जवाहर सिंह

नगर से भाजपा प्रत्याशी जवाहर सिंह बेढम बुधवार दोपहर पूर्व विधायक अनीता सिंह से मिलने उनके आवास पर पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। इसके कुछ देर बाद वे फिर अनीता के घर पहुंचे और दोनों के बीच बंद कमरे में वार्ता हुई। बताया जा रहा है कि अनीता सिंह ने जवाहर सिंह से स्पष्ट बोल दिया है कि जनता की इच्छा है कि मैं चुनाव लड़ूं।

**चुनाव आयोग का चला डंडा:** पांच राज्यों में कई प्रशासनिक अधिकारियों को हटाया

# राजस्थान में तीन आईपीएस एक आईएएस पर गिरी गाज

**अलवर कलेक्टर के साथ चूरू, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ के एसपी बदले**

बेधड़क | जयपुर

देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के तहत चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों के 25 पुलिस कमिश्नर, एसपी, नौ जिला मजिस्ट्रेट, चार सचिवों और विशेष सचिवों सहित कई शीर्ष पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए। इस कार्रवाई में अलवर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुखराज सैन और भिवाड़ी पुलिस एसपी करण शर्मा को सरकार ने बदल दिया है। संयुक्त शासन सचिव अक्षय गोदारा ने राज्यपाल के आदेश से कलेक्टर व भिवाड़ी एसपी को हटाने के आदेश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी पुखराज सैन की जगह उप जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह शेखावत को कार्यभार देने के आदेश दिए गए। वहीं, भिवाड़ी एसपी करण शर्मा की जगह एडिशनल एसपी को कार्यभार सुपुर्द करने के आदेश दिए हैं। हनुमानगढ़ एसपी सुधीर चौधरी और चूरू एसपी राजेश कुमार मीणा को भी हटाया गया है।


पुखराज सैन


करण शर्मा


राजेश मीणा


सुधीर चौधरी

### अवैध शराब को लेकर हुई कार्रवाई

आयोग की समीक्षा बैठकों के दौरान आयोग ने जांच में पाया कि कुछ अधिकारियों का प्रदर्शन असंतोषजनक था और वह लापरवाह पाए गए। जांच में पाया गया कि हरियाणा और पंजाब से अवैध शराब हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, अलवर जिलों के माध्यम से राजस्थान राज्य में प्रवेश करती है, जो भीतरी जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य गुजरात तक पहुंचती है। संवेदनशील जिलों में अधिकारियों के प्रदर्शन का आकलन करने के बाद, आयोग ने राजस्थान राज्य के हनुमानगढ़, चूरू, भिवाड़ी और डीईओ अलवर का तबादला कर दिया हैं।

पेज 8 भी देखें

**पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगी बारिश... बढ़ेगी ठंड**

# दो-तीन दिन में प्रदेश के 11 जिले हो जाएंगे तर-ब-तर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में दो-तीन दिन में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक के बाद एक तीन पश्चिमी विक्षोभ होने से आधे से ज्यादा राजस्थान में मौसम बदलाव देखने को मिल सकता है।

15 अक्टूबर से बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग के 11 जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 15 अक्टूबर को एक नया विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ जिले के कुछ भागों में दोपहर बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 16-17 अक्टूबर को विक्षोभ का प्रभाव सर्वाधिक रहेगा। जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अजमेर, नागौर, अलवर, झुंझुनूं, सीकर व जयपुर में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

### तापमान में होगी गिरावट

इन तीन पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर भारत में सीजन की पहली बर्फबारी होने की भी संभावना है। इससे उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवाओं में ठंडक बढ़ जाएगी और उत्तर भारत के राज्यों में दिन-रात के तापमान में बड़ी गिरावट हो सकती है। राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, बीकानेर, चूरू में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।

**रोहित के रिकॉर्ड्स का दिन**

# WC: टीम इंडिया के कैप्टन 'रो-हिट' शर्मा ने की कीर्तिमानों की बरसात

- सचिन और क्रिस गेल सहित कई महान खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे
- भारत की ओर से विश्व कप में 63 बॉल में ठोका सबसे तेज शतक
- अफगानिस्तान पर भारत की 8 विकेट से बड़ी जीत

एजेंसी | नई दिल्ली

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप 2023 के 9वें मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते हुए रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। रोहित जहां आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में सबसे अधिक शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी भी हो गए। इसके साथ ही वनडे वर्ल्ड कप में सबसे तेज 1000 (19 मैच) रन बनाने वाले वॉर्नर की बराबरी भी कर ली है। रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप में बतौर भारतीय सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित ने केवल 63 गेंदों में शतक मुकम्मल किया। इसके पहले कपिल देव (72 गेंद) के नाम यह रिकॉर्ड था। कपिल देव का यह रिकॉर्ड 40 साल बरकरार रहा।




### WC शतकों में तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 7वां शतक जमाया। उन्होंने इस मामले में भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सचिन ने वर्ल्ड कप में 6 शतक जमाए हैं।

### नवीन की गेंद पर मारा 554वां छक्का

अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते हुए रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छक्कों का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नवीन उल हक की गेंद पर छक्का जड़ते ही उन्होंने वेस्टइंडीज के खतरनाक खिलाड़ी क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गेल ने टेस्ट, वनडे और टी20 में सबसे कुल 553 छक्के जमाए हैं। रोहित अब तक 554 छक्के जमा चुके हैं।

### वर्ल्ड कप में सबसे तेज 1,000 रन

रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप की 19 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने भी 19 पारियों में ही अपने 1,000 वर्ल्ड कप रन पूरे किए। वॉर्नर ने भी इसी वर्ल्ड कप में यह उपलब्धि हासिल की। वैसे, बतौर भारतीय रोहित शर्मा ने सचिन तेंदुलकर के वर्ल्ड कप में सबसे तेज 1,000 रन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। सचिन तेंदुलकर ने 20 पारियों में 1,000 रन बनाए थे।

### अफगानिस्तान को किया पराजित

अफगानिस्तान ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को टॉस जीत पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 272 रन बनाए। बुमराह ने 4 और जडेजा ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में इंडिया ने कप्तान रोहित शर्मा के शानदार शतक 131 (84) और विराट 55* (56) की बदौलत लक्ष्य सिर्फ 2 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया।

## जरूरी खबर

### परकोटे में हुड़दंग फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग



**जयपुर।** जयपुर बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से परकोटे के बाजारों में हुड़दंग फैलाने वालों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। समिति के संयोजक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि समिति के द्वारा पिछले सप्ताह बड़ी चौपड़ पर विशाल महाधरना व 8 मांगो का मांग पत्र राज्यपाल को दिया था। बुधवार को पुलिस आयुक्त ने विश्वास दिलाया कि कानून व्यवस्था को ओर सुचारु किया जाएगा। पिछले दिनों जिन लूटपाट की, उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम से नदारद छह कार्मिक निलंबित

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए जयपुर जिले में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी (प्रथम) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही इनमें अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर बुधवार को कार्यकारी अभियंता रोहित कमठान, व्याख्याता राम प्रसाद रैगर, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राशिद मोहम्मद को अनुपस्थित रहने पर निलंबित कर दिया गया है। वहीं, वरिष्ठ अधिकारी राजसिंह, भंडार निरीक्षक रितेश रोनालिया और कनिष्ठ सहायक राहुल शर्मा को भी निलंबित किया गया है।

### सीएम आचार संहिता का कर रहे उल्लंघन: जोशी



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश में चुनाव की तारीख 25 नवंबर करने पर चुनाव आयोग का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। वहीं सीएम गहलोत पर आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध दिल्ली में सरकारी गाड़ी में सरकारी अधिकारी के साथ सोनिया गांधी से मिलने गए। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की केंद्रीय जांच एजेंसियों और भाजपा के उम्मीदवारों पर टिप्पणी चुनाव में उनके हार के भय को दिखा रही है। इस बार चुनाव में उनका पूरा राजनैतिक करियर दाव पर हैं। वहीं कहा कि हमारा उम्मीदवार कमल का फूल है।

---

**16 अक्टूबर को आएंगे कांग्रेस अध्यक्ष,** स्क्रीनिंग कमेटी, पीईसी और सीईसी की बैठक के बाद पूरी होगी कवायद

# खरगे के प्रदेश दौरे के बाद आएगी प्रत्याशियों की पहली सूची

■ 13 से 15 अक्टूबर तक पीसीसी के वॉर रूम में चलेगा बैठकों का दौर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनावों मैदान में प्रत्याशी उतारने को लेकर कांग्रेस की कवायद लगातार जारी हैं।

हालांकि भाजपा की एक सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की पहली सूची का लगातार इंतजार जारी है, लेकिन पार्टी से जुड़े सूत्रों की माने तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राजस्थान दौरे के बाद ही प्रत्याशियों की पहली सूची आएगी। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) के मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से 13 जिलों में निकाले जानी वाली यात्रा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे यहां पर सभा करेंगे और सभी संभावित नामों में जिताऊ उम्मीदवारों के नामों पर मंथन भी करेंगे। इसके बाद आलाकमान के साथ दिल्ली में होने वाली सीईसी की बैठक में प्रदेश दौरे के दौरान मिले फीडबैक पर चर्चा करेंगे और उसके बाद प्रत्याशी चयन पर अंतिम मुहर लगेगी।




### स्क्रीनिंग कमेटी की आखिरी बैठक होना अभी है बाकी

कांग्रेस की प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक होनी अभी बाकी हैं। माना जा रहा है कि यह बैठक 13 व 14 तारीख को होगी। इसमें एक लाइन का प्रस्ताव पास कर प्रदेश इलेक्शन कमेटी कांग्रेस आलाकमान पर टिकट का निर्णय छोड़ेगी। इसके साथ ही स्क्रीनिंग कमेटी के साथ भी एक अंतिम बैठक होना बाकी हैं। यह बैठक बुधवार को होनी थी और कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई मंगलवार को ही जयपुर भी पहुंच गए थे, लेकिन अब यह बैठक गुरुवार को होगी। पीईसी की बैठक के बाद सीईसी की बैठक होगी। इसमें आलाकमान की ओर से नामों पर अंतिम फैसला होने के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जाएगी।

### शारदीय नवरात्र में कभी भी जारी हो सकती है प्रत्याशियों की सूची

15 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रों में सूची कभी भी जारी की जा सकती हैं। 16 अक्टूबर को नवरात्रा स्थापना के बाद बारां जिले ईआरसीपी को लेकर कांग्रेस यात्रा की शुरुआत होगी। इस यात्रा में सीएम अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। 16 को ही मल्लिकार्जुन खरगे भी आएंगे। प्रदेश कांग्रेस के पास टिकट वितरण और यात्रा की प्लानिंग के लिए समय अल्प बचा हैं। ऐसे में 13-15 तक पीसीसी वॉर रूम में लगातार बैठकों का दौर चलेगा। इसमें सभी दावेदारों के नामों पर ही अंतिम मंथन होगा और इसके बाद होने वाली सीईसी की बैठक के बाद ही पहली सूची जारी होगी।

---

**विधानसभा चुनाव 2023** की तैयारियों में जुटा निर्वाचन आयोग

# नाम जुड़वाने का दिया एक और मौका, कार्मिकों की ट्रेनिंग शुरू

■ मीडियाकर्मी पहली बार अनिवार्य सेवाओं में शामिल हुए

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही चुनाव आयोग तैयारियों में लग गया हैं। प्रदेश के हर विभाग ने चुनाव से जुड़ी तैयारियों को लेकर अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। वहीं निर्वाचन आयोग ने पारदर्शी तरीके से चुनाव आयोजन को लेकर कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना भी शुरू कर दिए हैं।

चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के पालन नहीं करने वालों पर भी कार्रवाई करना शुरू कर दिया हैं। अंतिम वोटर सूची में नाम जुड़वाने को लेकर भी वोटर्स को एक और मौका दिया गया हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर 18 साल पूरे कर चुके युवा वोटर्स अगर किसी कारणों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने से वंचित रह गए हैं तो निर्वाचन आयोग में उन्हें नाम जुड़वाने को लेकर अंतिम मौका दिया गया हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आयोग ने 27 अक्टूबर तक आवेदन करने का समय दिया है। जो युवा 18 साल के हो गए या इस महीने के अंत तक हो जाएंगे। वे भी ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से किसी कारण से हट गया है तो वह भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 200 विधानसभा क्षेत्रों की फाइनल मतदाता सूची नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के अगले दिन 7 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी।




### चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से देंगे ट्रेनिंग

जिन कार्मिकों की चुनाव में ड्यूटी लगी है उन्हें मतदान प्रक्रिया का बारीकी से प्रशिक्षण देना निर्वाचन आयोग ने देना शुरू कर दिया हैं। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने ट्रेनिंग सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 4 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में पहले दिन 3 हजार 120 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 4 दिन तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 11 हजार 167 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद मतदान अधिकारी सेकेंड और मतदान अधिकारी थर्ड को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 'सी विजिल' एप से मिली 79 शिकायतों पर कार्रवाई

विधानसभा आम चुनाव-2023 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 48 घंटे में प्रदेश भर से 500 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 134 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें 79 जयपुर जिले से प्राप्त हुईं।

### भारत निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा दी

विधानसभा चुनाव में पहली बार राजस्थान में मीडियाकर्मियों को भी अनिवार्य सेवाओं में शामिल किया गया है। इसको लेकर निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी की है। सर्विस वोटर्स के अलावा अन्य आठ विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी भारत निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा दी है। इसमें बिजली-पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी इसमें शामिल हैं। चुनाव अधिकारी गुप्ता ने बताया कि सर्विस वोटर्स की श्रेणी में पहली बार पत्रकारों को शामिल किया गया है। इन सभी अनिवार्य सर्विस वालों को अब से पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है।

---

**18 अक्टूबर को** अगली सुनवाई

# सीएम के OSD की गिरफ्तारी पर हाई कोर्ट की रोक बरकरार

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश के फोन टैपिंग प्रकरण में दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक को आगामी 18 अक्टूबर तक बकरार रखा है। बुधवार को राजस्थान फोन टैपिंग प्रकरण में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें लोकेश शर्मा की ओर से उनके वकील ने उनका पक्ष रखा।

दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई लगभग 40 मिनट चली। लोकेश शर्मा की तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने दिल्ली पुलिस के आरोपों को बेबुनियाद बताया। बहस में उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार पहले ही कह चुकी है कि उसने कॉल इंटरसेप्ट किए, इसके लिए विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हो सकते हैं, लोकेश शर्मा मीडिया में सर्कुलेट करने के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं, लेकिन अवैध रिकॉर्डिंग के लिए कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं। लोकेश शर्मा के एडवोकेट की दलील थी कि मामले में 8 महीने बाद केस दर्ज हुआ, इस देरी का कोई कारण नहीं बताया गया। सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने 3 नम्बरों के बीच कॉन्फ्रेंस कॉल होना बताया, उन तीनों में से एक भी नम्बर शिकायतकर्ता (गजेंद्र सिंह शेखावत) का नहीं। ऐसे में शिकायतकर्ता कैसे आरोप लगा सकते हैं कि उनका कॉल रिकॉर्ड किया गया।

पूरा घटनाक्रम राजस्थान में घटित होना पाया गया, फिर दिल्ली पुलिस कैसे एफईआईर दर्ज कर सकती है। तीनों नम्बर के उपभोक्ता भी दिल्ली से नहीं हैं। वहीं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने लोकेश शर्मा और राजस्थान सरकार के अधिकारियों पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। इस पर राजस्थान सरकार के वकील इन आरोपों को निराधार बताया। जैन ने शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक हटाने की मांग की गई। हालांकि न्यायालय का समय समाप्त होने के चलते बहस पूरी नहीं हो सकी। अब 18 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी।

---

**अवैध परिचालन को** नियंत्रित के दिए निर्देश

# आचार संहिता की पालना के लिए सीमावर्ती राज्यों से होगा तालमेल

**बेधड़क** | जयपुर

वाणिज्यिक कर विभाग-एसजीएसटी के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में लागू आचार संहिता की सख्ती से पालना के निर्देश दिए हैं।

सुरपुर ने विभाग की समीक्षा बैठक के साथ आचार संहिता की पालना में वाणिज्यिक कर अधिकारियों के दायित्व बेहतर तरीके से निभाने के आदेश दिए। उन्होने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को कहा कि अधिकारी अन्य विभागों जैसे पुलिस, परिवहन एवं आबकारी से सामंजस्य स्थापित कर चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रयुक्त सामग्री के परिचालन पर भी नियंत्रण रखें। उन्होने सभी उपायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि वाहनों की जांच के लिए अधिकाधिक टीम बनाकर ई-वे बिल में अनियमितता की जांच कर वाहनों पर कर लगाएं। इसके साथ ही पंजीकृत और गैर पंजीकृत गोदामों की भी नियमित रूप से जांच की जाएं।



अब सभी उपायुक्त प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को भेजेंगे। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाने के लिए अन्य सीमावर्ती राज्यों के उपायुक्तों से नियमित संपर्क में रहने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

---

**भाजपा की प्रदेश स्तरीय** मीडिया बैठक

# कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी पैरामीटर पार किए: सुधांशु त्रिवेदी

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय पदाधिकारियों ने जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित एक होटल में भाजपा की प्रदेश स्तरीय मीडिया बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, शहजाद पूनावाला, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक श्रीकांत शर्मा और राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट गोपाल लाखेड़ा ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को चुनाव की तैयारियों के संबंध में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश मंत्री पिकेंश पोरवाल, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हीरेन्द्र कौशिक और आईटी संयोजक धनराज सोलंकी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी पैरामीटर को पार कर दिया है।



प्रदेश में पांच साल तक कुर्सी की लड़ाई चलती रही और जनता पिसती रही। प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

---

**एक्शन में एनआईए**

# राजस्थान के तीन शहरों में एनआईए की रेड... एक आरोपी हिरासत में

- प्रदेश में छापों के दौरान जब्त किए कई इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स
- यूपी, राजस्थान, महाराष्ट्र और दिल्ली में दर्जनों जगहों पर छापेमारी की
- एनआईए ने केस नंबर 1/2022 से तार जुड़े होने का संदेह

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के खिलाफ एक्शन लेते हुए देश में दर्जनों जगहों पर बुधवार को छापेमारी की।

इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे राज्य भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के टोंक, गंगापुर सिटी और कोटा में एनआईए की टीम ने कार्रवाई की। टोंक में एनआईए की टीम ने बड़ा कुआं क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारा। टीम ने संदिग्ध युवक और उसके परिवार से पूछताछ की है। हालांकि, टीम ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।




### बारां में भी छापेमारी

सूत्रों के अनुसार एनआईए ने बुधवार को बारां में भी छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई। बारां में सुबह करीब 5 बजे एनआईए की टीम कौसर कॉलोनी पहुंची। इस दौरान संदिग्ध मौलाना को डिटेन कर पूछताछ की गई। टीम ने घर पर भी गहनता से छानबीन की। कोतवाली थाना सीआई राजेश खटाना ने बताया की एनआईए को बारां शहर के तालाबपाड़ा क्षेत्र के एक संदिग्ध के देश में प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े होने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जुड़े होने संबधित इनपुट मिले थे। टीम ने संदिग्ध के घर तलाशी लेकर कई दस्तावेज, मोबाइल और कम्प्यूटर आदि जब्त किए है। टीम संदिग्ध को अपने साथ कोतवाली थाने लेकर जाने लगी तो कुछ लोगों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। इसके बाद एनआईए की टीम ने संदिग्ध को डिटेन कर कोतवाली थाना परिसर में पूछताछ की। एनआईए टीम की ओर से अन्य लोग जो ऐसी गतिविधियों में शामिल है, इसको लेकर भी पड़ताल की जा रही है।

### टोंक में हुई कार्रवाई

सूत्रों से पता लगा है कि टोंक शहर के बड़ा कुआं क्षेत्र के एक व्यक्ति के देश में प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े होने की खबर है। इसका इनपुट मिलने के बाद बुधवार अल सुबह करीब पांच बजे एनआईए की टीम कोतवाली थाने पहुंची और वहां से पुलिस जाब्ते के साथ संदिग्ध व्यक्ति के मकान में छापामारी की। एनआईए की टीम ने जहां पर इस करीब 35 वर्षीय युवक से पीएफआई की फंडिग की जानकारी जुटाई।

### फुलवारी शरीफ मामले से जुड़े हैं तार!

बताया जा रहा है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, उसके नेताओं और समर्थकों की हिंसक और देश विरोधी गतिविधियों को लेकर पिछले साल एनआईए ने केस नंबर 31/2022 दर्ज किया था। यह मामला फुलवारी शरीफ में पुलिस की कार्रवाई के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर एनआईए ने जब्त किया था। इसी केस में तार जुड़े होने के सबूत मिलने के बाद एनआईए ने राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में छापेमारी की है। एनआईए की जांच में सामने आया है कि इस केस के आरोपी व अन्य लोग बिहार के फुलवारी शरीफ में हिंसक और गैर कानूनी गतिविधि के उद्देश्य से इकट्ठा हुए थे।

## जरूरी खबर

### पुरानी पेंशन को लेकर दीया कुमारी को सौंपा ज्ञापन



**जयपुर।** राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ द्वारा बुधवार को सांसद दिया कुमारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने देश में ऊर्जा सेक्टर में पुरानी पेंशन लागू करने, राज्य सरकार राज्य विद्युत कंपनियों एवं श्रमिकों के मध्य त्रिपक्षी अनुबंध करने, सभी तरह के निजीकरण को बंद करने सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विद्युत श्रमिक महासंघ, जयपुर वितरण श्रमिक संघ और विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ के पदाधिकारी, सदस्य अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के अध्यक्ष मधुसूदन जोशी, यतेंद्र कुमार मीडिया प्रभारी, गोविंद पालीवाल अध्यक्ष जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ श्रमिक विष्णु शर्मा महामंत्री व्रत जयपुर, काली प्रसाद तिवारी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### इक्कीस बीघा भूमि पर बसी चार अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-10 ए ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त ओर जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 11 बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10-ए के ईकोलोजिकल जोन में जामडोली में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू रूपान्तरण कराएं भूमि को समतल कर विनायक एनक्लेव के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। वहीं, जोन-12 में कालवाड़ रोड के पास गोविन्द विहार कॉलोनी में करीब तीन बीघा कृषि भूमि पर शंकर विहार के नाम से अवैध निर्माण कर बन रही कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया।

**शारदीय नवरात्र:** हाथी पर सवार होकर सुख समृद्धि बरसाएंगी मां दुर्गा, अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

# नौ दिन तक बन रहा बुधादित्य योग, बाजारों में बरसेगा धन

नरेंद्र चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** मां भगवती की विशेष आराधना का पर्व नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इन नौ दिनों में माता के नौ रूपों की आराधना की जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार घट स्थापना का शुभ मुहूर्त अभिजीत रहेगा, जो दिन में 12:01 बजे से 12:46 बजे तक रहेगा। इस बार रविवार से नवरात्र शुरू होने के कारण माता गज पर सवार होकर सुख और समृद्धि लाएगी। साथ ही नवरात्र में बुधादित्य योग होने से बाजारों में भी नवरात्र में धन-धान्य की बरसात होगी।



### इन राशियों के लिए नवरात्र शुभ

ज्योतिषचार्य योगेश पारीक ने बताया कि वैसे तो नवरात्र में सभी के लिए अच्छे योग बन रहे है, लेकिन वृषभ, सिंह, वृश्चिक और कुंभ राशियों के लिए शश योग बनने से अधिक शुभ फलदायी रहेगा। मिथुन, कन्या, धनु और मीन राशियों के लिए भद्र योग बन रहा है, जो कि शुभ फलदायी है। इन राशियों के लोगों के लिए मां भगवती की विशेष पूजा करना लाभदायक रहेगा।

### समृद्धि लाएगा बुधादित्य योग

ज्योतिष शास्त्र में बुधादित्य योग को बहुत ही शुभ मुहूर्त माना गया है। सूर्य और बुध की युति से बनने वाला बुधादित्य योग व्यापारी और युवा वर्ग के लिए राहत देने वाला होगा। इस बार नवरात्र में पूरे नौ दिन तक बुधादित्य योग बनने से ये और भी ज्यादा लाभदायक हो गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस नवरात्र में मां जगदम्बे की पूजा करने से व्यापारियों और विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही बाजार को भी अच्छी गति मिलेगी।

### घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त

धर्मग्रंथों के अनुसार घटस्थापना और देवी पूजा प्रात: काल करने का विधान है, लेकिन इसमें चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग को वर्जित माना जाता है। पंचांग के अनुसार 15 अक्टूबर रविवार को चित्रा नक्षत्र का शाम 6 बजकर 12 मिनट तक है और वैधृति योग सुबह 10 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में जब चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग और चित्रा नक्षत्र के दो चरण व्यतीत हो चुके हों तो घटस्थापना की जा सकती है। 15 अक्टूबर को प्रात: काल में चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग के दो दो चरण संपूर्ण हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में घटस्थापना प्रातःकाल भी कर सकते हैं। ऐसे में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। 15 अक्टूबर को अभिजीत मुहूर्त 12:01 बजे से 12:46 बजे तक रहेगा।

### नवरात्र में ये बन रहे दुलर्भ योग...

- 15 अक्टूबर पहला नवरात्र- बुधादित्य योग, सुन्फा,वैश, सर्वाथ सिद्ध योग
- 16 अक्टूबर दूसरा नवरात्र- बुधादित्य योग, लक्ष्मी, विषकुंभ योग
- 17 अक्टूबर तीसरा नवरात्र- बुधादित्य योग, लक्ष्मी, प्रीति योग
- 18 अक्टूबर चौथा नवरात्र- बुधादित्य योग, आयुष्मान, पराक्रम, सवार्थसिद्ध योग
- 19 अक्टूबर पांचवा नवरात्र- बुधादित्य योग, पराक्रम, सौभाग्य, सौभन योग
- 20 अक्टूबर छठां नवरात्र- बुधादित्य योग, पराक्रम, अतिगण्ड, राजयोग
- 21 अक्टूबर सातवां नवरात्र- बुधादित्य योग, सुकर्म योग
- 22 अक्टूबर आठवां नवरात्र- बुधादित्य योग, सवार्थसिद्ध, पराक्रम, धृति योग
- 23 अक्टूबर नवां नवरात्र- बुधादित्य योग, पराक्रम, शूल योग।

**भाजपा की पहली लिस्ट:** दिग्गजों के टिकट कटने से पार्षदों में खलबली

# कोई संगठन के साथ, किसी को अपनी जमीन खिसकने का डर!

## संगठन और पार्टी के खिलाफ नहीं जा रहे, पर अंदरखाने बना रहे लॉबी

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनावों में शहर की दो सीट झोटवाड़ा और विद्याधर नगर में भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित होते ही दोनों विधानसभा के पार्षदों में खलबली मच गई है। संभावना के विपरीत उम्मीदार घोषित होने से दोनों विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध भी शुरू होने लग गया है। हालांकि, विद्याधर नगर में दीया कुमारी के लिए ज्यादा परेशानी नहीं है, लेकिन झोटवाड़ा में राजपाल समर्थक पार्षद भाजपा के प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह के सामने खुल कर आ रहे हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय के सामने हुए विरोध प्रदर्शन में भी करीब पांच पार्षद शामिल हुए थे। ऐसे में दोनों ही इलाकों के पार्षदों के सामने बडी समस्या खड़ी हो गई हैं।

बुधवार को बातचीत में सामने आया कि कुछ पार्षद पार्टी और संगठन के साथ है, लेकिन जिनको टिकट ही विधायकों की मेहरबानी से मिला, उन्हें अपनी जमीन खिसकने का डर लग गया है। ऐसे में वे प्रत्याशियों के सामने खुलकर नहीं आ रहे, लेकिन अंदरखाते लॉबी बनाने में लग गए हैं।



### विद्याधर नगर-पार्षद के सामने धर्मसंकट, जिसने पार्षद बनाया उसे कैसे छोड़ें

विद्याधर नगर क्षेत्र के एक पार्षद ने बताया कि बड़ा धर्मसंकट आ गया है। पार्टी ने उम्मीदार तो बहुत मजबूत दिया है, लेकिन जिसने हमें पार्षद बनाया उसे भी कैसे छोड़ सकते हैं। वहां से भी फोन आया है। पार्टी का सिद्धांत भी जरूरी है। अभी कुछ समझ नहीं आ रहा, कई साथी पार्षदों से चर्चा के बाद ही कुछ की पाएंगे। विद्याधर नगर में भाजपा के 27 पार्षद हैं, जिनमें करीब 4-5 पार्षद विधायक के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।

### कुछ गुटबाजी में तो कुछ मुखर

झोटवाड़ा क्षेत्र में विधानसभा का प्रत्याशी घोषित होते ही विरोध के स्वर उठने लगे। कुछ पार्षद तो अपने विधायक के समर्थन में खुलेआम विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। वहीं , पार्षद चुनाव के समय जिनका टिकट काटा गया और वे निर्दलीय लड़कर आए, वे संगठन के साथ होने की बात कर रहे हैं। झोटवाड़ा में 14 पार्षदों में करीब आधे पार्षद प्रत्याशी के विरोध में खड़े हो गए हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय पर हुए विरोध में करीब चार पार्षद इंद्र प्रकाश धाबाई, राधेश्याम बोहरा, सुरेश रैगर और मदन लाल शर्मा भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

### महापौर की गाड़ी में लगाया जीपीएस

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन आयोग ने निगम महापौर, उप महापौर और जिला प्रमुख के पूल की सभी सरकारी गाड़ियों को अपने कंट्रोल में ले लिया है। जयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने इन सभी गाड़ियों पर निगरानी रखने के लिए इनमें जीपीएस लगा दिए हैं, ताकि जनप्रतिनिधि इन गाड़ियों का उपयोग चुनाव प्रचार में न कर सके। जीपीएस लगने के बाद इन गाड़ियों को उन्हीं जनप्रतिनिधियों को लौटा दिया गया, जिनको ये अलॉट हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। जनप्रतिनिधि इन गाड़ियों का उपयोग केवल घर से अपने सरकारी दफ्तर और दफ्तर से वापस घर आने-जाने के लिए ही कर सकेंगे। इन गाड़ियों को अगर कोई जनप्रतिनिधि चुनाव प्रचार या अन्य जगह इधर-उधर घुमाता है तो उस गाड़ी को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**सिंथेटिक पॉलिमर्स निर्माता के छापे**

## 30 लाख की नकदी और लाखों रुपए की ज्वेलरी पकड़ी



बेधड़क | जयपुर

आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा की मंगलवार को जयपुर जिले में 10 ठिकानों पर शुरू हुई आयकर छापेमारी दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। अपर्याप्त आयकर भुगतान और वित्तीय संस्थाओं से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग की सूचनाओं के आधार पर आयकर विभाग की जयपुर अन्वेषण शाखा ने यह कार्रवाई की है।

छापेमारी जयपुर के सी-स्कीम, बनी पार्क, जवाहर नगर, एमआई रोड के अलावा विश्वकर्मा और बगरु औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा दूदू में की गई है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आयकर छापेमारी की यह कार्रवाई स्नेह समूह के कर्ताधर्ता विशाल बंसल, उनकी पत्नी निकिता बंसल और इनके कारोबारी सहयोगियों के ठिकानों पर की। सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई में अब तक 30 लाख रुपए की नकदी और लाखों रुपए मूल्य की ज्वेलरी मिली है। इसकी लेखा पुस्तिकाओं से विस्तृत जांच होगी। इसके अलावा 6 लॉकर्स का भी पता लगा, लेकिन यह लॉकर्स आज नहीं खोले गए। बताया जाता है कि समूह सिंथेटिक पॉलिमर्स से पैकिंग मैटेरियल और सिंथेटिक शीट आदि के उत्पादन से जुड़ा है। कार्रवाई का निशाना स्नेहा समूह की स्नेहा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्नेहा ऑलिफिन्स प्रा. लि. और श्री तिरुपति इण्डस्ट्रीज भी बनी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कॉमर्शियल ऑपरेशन डेट के दो वर्ष पूरे**

## एयरपोर्ट का 50 साल का मास्टर प्लान

बेधड़क | जयपुर

जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का पूरे 50 साल की अवधि के लिए एक मजबूत मास्टर प्लान विकसित किया गया है। इसके तहत जयपुर एयरपोर्ट पर कई बदलाव और नए विकास कार्य किये जाने हैं। टर्मिनल 1 भवन में हवाई अड्डे के कर्मचारियों के लिए एक पुस्तकालय भी खोला गया है। यह जानकारी मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी विष्णु मोहन झा ने टाउन हॉल में कर्मचारियों के साथ भविष्य की कार्ययोजना साझा करते हुए दी। विष्णु मोहन झा जयपुर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बुधवार को कॉमर्शियल ऑपरेशन डेट के 2 वर्ष पूरे पर एयरपोर्ट पर सामूहिक रूप से सभी हितधारकों और यात्रियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान झा ने दो साल की उल्लेखनीय विकास यात्रा और आगे के दृष्टिकोण की उपयोगी जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी, बीसीएएस के अधिकारी, एयरलाइंस कंपनियों के कर्मचारी और एयरपोर्ट के कर्मचारी भी मौजूद रहे।




**500 बदमाशों को किया था चिह्नित**

## पुलिस की दबिश, 215 बदमाश दबोचे

बेधड़क | जयपुर

पुलिस आयुक्तालय ने बुधवार को अवैध रूप से हथियार रखने, हथियारों की तस्करी करने और फायरिंग की वारदातों में लिप्त रहे अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 215 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

इस अभियान में पुलिस ने 500 ऐसे अपराधियों को चिह्नित किया, जिनका आर्म्स एक्ट या फायरिंग के मामले में चालान हो चुका है। पुलिस ने इन 500 अपराधियों के ठिकानों पर अलसुबह दबिश दी और उन्हें पूछताछ के लिए थाने लेकर आए। पूछताछ के बाद इनमें से 215 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि दहशतगर्दी फैलाने और आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया आर्म्स एक्ट में 6, आबकारी अधिनियम में 20, अन्य अधिनियमों में 2, धारा 151 में 135 और धारा 110 में 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 25 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान के दौरान 8 संदिग्ध वाहन जब्त किए गए हैं। जोसफ ने बताया कि विधानसभा चुनाव और त्योहार को देखते हुए पुलिस ने शांति और कानून व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए यह खास अभियान चलाया है। इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी। इसके साथ ही इस तरह के अभियान का मकसद संगठित अपराध पर लगाम लगाना भी है।



**वोटिंग तारीख में बदलाव की मांग मानने से हर्ष**

# पहले करेंगे शादी, फिर वोट देकर चुनेंगे अपना विधायक

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनावों में मतदान की तिथि बदलने से सामाजिक संगठन, व्यापार मंडल और राजनेताओं के साथ ही आमजन में हर्ष है।

इसके लिए सबने निर्वाचन विभाग का आभार जताया है। भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़, आप प्रवक्ता विनय मिश्रा ने कहा कि मतदान दिवस बदलने से प्रदेश में वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। गौरतलब है कि राजस्थान में 23 नवम्बर को हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार देवउठनी एकादशी है।

यह सावों का अबूझ मुहूर्त माना जाता है। जानकारी के अनुसार हर साल इस दिन प्रदेश में करीब 50 हजार शादियां होती हैं। शादियों के चलते लोग एक शहर से दूसरे शहर में जाएंगे। वहीं, शादियों में टेंट, कैटरिंग, बैंड सहित अन्य वर्ग सीधे रूप से जुड़ा होता है।



### पीपी चौधरी ने लिखा था पत्र

राजस्थान विधानसभा चुनाव में मतदान की निर्धारित तिथि में संशोधन की मांग को लेकर पाली सांसद पीपी चौधरी ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। उन्होंने लिखा था कि अबूझ सावे के दिन मतदान तिथि होने से निर्वाचन आयोग की मूल भावना 'मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी प्रभावित होगी।

### व्यापार मंडल ने जताया आभार

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल और महामंत्री सुरेन्द्र बज ने भारतीय चुनाव आयोग को चुनाव तारीख 25 नवंबर करने पर समस्त व्यापारियों की तरफ से बुधवार को आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में देवउठनी एकादशी के सावों में पूर्व निर्धारित शादी विवाह कार्यक्रम के अनुसार अपने मतदान स्थल से अन्य जगहों पर होने के कारण मतदान करने में असुविधा होने व मजदूर, छोटे व्यापारी व शादी विवाह से संबंधित सेवा से जुड़े लाखों मतदाताओं को मतदान से वंचित रहना पड़ता। गोयल ने लोकतंत्र के इस महान दिवस पर सभी व्यापारी बंधुओं से जात-पात से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

**जैन बैंकर्स फोरम का कार्यक्रम**

## सामूहिक क्षमावाणी और त्यागी व्रतियों का सम्मान

बेधड़क | जयपुर

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की ओर से सामूहिक क्षमावाणी एवं त्यागी व्रतियों के सम्मान कार्यक्रम दुर्गापुरा जैन मंदिर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तामर के श्लोक के साथ की गई।

भागचंद जैन मित्रपुरा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान और सामाजिक , धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी को लेकर कहा कि बैंकर्स से समाज के सभी वर्ग जुड़े हैं, जन धन खाता खुलने के बाद कह सकते हैं कि एक-एक व्यक्ति बैंकिंग सेक्टर से जुड़ा हुआ है। जैन बैंकर्स फोरम अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से कर रहा है। इस अवसर पर सचिव सुनील काला, राजस्थान जैन युवा सभा के अध्यक्ष और फोरम के संरक्षक प्रदीप जैन, कमलेश पांड्या, प्रकाश चंद गंगवाल जनकपुरी, निर्मल कुमार पाटोदी, पदम बिलाला आदि मौजूद रहे। इस दौरान जैन बैंकर्स वर्ग से भाद्रपद माह में प्रकाश चंद गंगवाल जनकपुरी, जयपुर द्वारा सोलह कारण व्रत/उपवास, निर्मल कुमार पाटोदी सेक्टर 5 प्रताप नगर जयपुर द्वारा दशलक्षण उपवास किए जाने परसंयम, तप, त्याग की अनुमोदना में दोनों त्यागियों का तिलक, माल्यार्पण, दुपट्टा, शाल एवं साफा पहना कर हार्दिक अभिवादन किया गया।

## जरूरी खबर

### मेले में विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन छात्राएं सम्मानित



**अलवर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा अलवर की ओर से जिला स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एस.एम.डी. में किया गया। इस मेले में ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए किशोरी मेले की विजेता बालिकाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका शिक्षा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद सभी बालिकाओं को बालिका दिवस की टी-शर्ट, कैप एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अध्यापिका आशा सुमन का भी सम्मान किया गया।

### मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**टोंक।** विधानसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए टोंक जिले में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी (प्रथम) प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से शुरू होगा। मतदान दलों को प्रशिक्षण बेहद गंभीरता, समर्पण एवं निष्ठा के साथ किए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारी चुनाव प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण ढंग से ग्रहण करें, ताकि मतदान के दौरान आने वाली चुनौतियों का निस्तारण किया जा सके।

### करणी माता के जयकारों के साथ पदयात्रा रवाना



**भानपुर कलां।** काली पहाड़ी चारणवास गांव से श्रीकरणी सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार शाम को 24वीं पदयात्रा रवाना हुई। श्रद्धालु भवानी सिंह, शिवप्रकाश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की ध्वज पूजा के बाद पदयात्रा रवाना की गई। श्रद्धालु जयकारों लगाते हुए माता के दरबार की ओर से रवाना हुए। पदयात्रियों का कस्बे में जगह जगह स्वागत कर रवाना किया। पदयात्रा 19 अक्टूबर को देशनोक करणी माता मन्दिर पहुंचेगी। इस मौके पर भवानी सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र कुमार शर्मा, गुड्डा, रणजीत सिंह, शिव प्रकाश शर्मा, अर्जुन सिंह,सुशील शर्मा सहित करीब 20 श्रद्धालु शामिल हुए।

---

**डीग महोत्सव के दूसरे दिन हेरिटेज वॉक में शामिल हुए शहरवासी, स्कूल विद्यार्थियों के बीच हुई कई प्रतियोगिताएं**

# कलाकारों ने साकार की परंपरागत नृत्य-संगीत की विरासत

बेधड़क | डीग

डीग महोत्सव के दूसरे दिन प्राचीन परंपरागत लोक कलाओं का जादू छाया रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे लोक कलाकारों ने नृत्य-संगीत की प्राचीन विरासत को साकार कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आयोजन के दूसरे दिन के कार्यक्रमों में शहरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर सभी गतिविधियों का आनंद उठाया।



स्थानीय प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से आयोजन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के लिए भी कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाओं में अपना हुनर दिखाया। दूसरे दिन के कार्यक्रमों की शुरूआत सुबह हेरिटेज वॉक के साथ हुई। राजस्थान पर्यटन और डीग जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हेरिटेज वॉक डीग महल से शुरू होकर शहर के कई मार्गों से होते हुए डीग महल पर ही समाप्त हुई। इसमें काफी संख्या में शहरवासी और देसी-विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए। हेरिटेज वॉक के दौरान लोगों ने शहर की प्राचीन इमारतों को निहारा और उनके बारे में जानकारी ली।

### फव्वारों से बिखरी सतरंगी छटा

डीग महोत्सव के पहले दिन फव्वारों की रंगीन छटाओं ने लोगों का मन मोह लिया। मंगलवार शाम को विश्व प्रसिद्ध जलमहलों में फव्वारों से निकली रंगीन जलधाराओं ने इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी। सैकड़ों फव्वारों से बिखरी सतरंगी छटाओं ने दूरदराज क्षेत्रों से आए दर्शकों को उत्साहित कर दिया। जैसे ही शाम करीब साढे 4 बजे अलग अलग फव्वारों से जल की रंगीन धाराओं ने अठखेलियां की तो लोग खुशी से झूम उठे। जिसे बड़ी संख्या में दर्शकों ने अपने मोबाइलों में कैद कर सेल्फी ली। कई उत्साही युवक रंगीन फव्वारों की इन्द्रधनुषी छटा के बीच पानी में उतरकर नाचते व पोज बनाकर फोटो खिचवातें देखे गए। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने रंगीन फव्वारों का लुफ्त उठाया।

### प्रतियोगिताओं में इन्होंने बाजी मारी

डीग महल परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नींबू चम्मच प्रतियोगिता में गौरी ने प्रथम स्थान, रस्सा-कशी छात्र प्रतियोगिता में श्रीमति शीला जोशी रा.उ.मा.विद्यालय बहज डीग ने पहला स्थान, छात्रा वर्ग में रा.उ.मा.विद्यालय दिदावली डीग ने पहला स्थान, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में लाला मनोहर लाल रा.बा.उ.मा. विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया। साफा बांधने की प्रतियोगिता में अध्यापक सुरेंद्र सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया।

### कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लुभाया

डीग महोत्सव के तहत राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य, घूमर नृत्य, भवई नृत्य, चरी नृत्य, तेरहताल नृत्य, सहरिया नृत्य, कच्छी घोड़ी नृत्य, भपंग वादन, चकरी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, रिम भवई नृत्य, मयूर नृत्य सहित फूलों की होली, हरियाणवी घूमर, पंजाबी भंगड़ा एवं गिद्दा की प्रस्तुतियां हुईं। इसमें कलाकारों ने परंपरागत परिधानों में सजधज कर प्रस्तुतियां दी। इस दौरान सुर-लय और ताल के अद्भुद सामंजस्य से कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी।

---

**नेता प्रतिपक्ष ने टोंक में कार्यकर्ताओं की ली मीटिंग**

# पूरी तरह से तुष्टीकरण में डूबी है प्रदेश की कांग्रेस सरकार: राठौड़

बेधड़क | टोंक

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए जनता की अपेक्षाएं संकल्प बन जाती हैं और इसलिए भाजपा जनता के समाधान के लिए अग्रसर रही है। राठौड़ बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय में चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण में डूबी हुई है।



राजस्थान में दंगों के पीछे एवं सुनियोजित षड्यंत्र पनप रहा है। पिछले दिनों जयपुर में समुदाय विशेष की घटना में सरकार ने तुरंत 50 लाख रुपए, डेयरी बूथ और नोकरी दे दी। इनके कार्यकाल में बहुत से निर्दोषों की हत्या हो गई, उन्हें भी तो पैकेज देना चाहिए था। उन्होने कहा कि इस सरकार में तुष्टिकरण का आलम तो यह है कि जयपुर बम ब्लास्ट के अभियुक्त जिन्हें निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी, हाई कोर्ट में इसलिए बरी हो गए कि राजस्थान सरकार ने कोर्ट में आतंकवादियों के खिलाफ सही तरीके से पैरवी ही नहीं की। उन्होने कहा कि राजस्थान में रामनवमी, परशुराम जयंती, हिंदू नववर्ष, हनुमान जयंती की शोभा यात्रा पर रोक लगा दी जाती है।

वहीं कोटा में पीएफआई को हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ रैली निकालने की इजाजत दी जाती है।

जब राजस्थान में कई स्थानों पर दंगाई कोहराम मचाते हैं, तब सरकार की आंखें बंद हो जाती है। लव जिहाद एवं धर्म परिवर्तन की घटनाएं राजस्थान के हर इलाके में सरेआम हो रही हैं। उन्होने कहा कि जिस राजस्थान में नारी सम्मान के लिए केसरिया बाने पहनकर युद्ध को जाया करते थे, उसी राजस्थान में अपनी आबरू के लिए अपने आत्म-सम्मान के लिए बेटियां चिल्ला रही हैं।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के राज में बेरोजगारी पर्याप्त है एवं पेपरलीक की घटनाओं ने रिकॉर्ड कायम किया है। राजस्थान में किसान बेहाल हैं, कर्ज माफी का झूंठा वादा करके सरकार सत्ता में आई थी, लेकिन आज दिन तक किसानों की सुध सरकार ने नहीं ली है।

### पायलट पर साधा निशाना

मीडिया से बातची के दौरान राजेन्द्र राठौड़ ने सचिन पायलट पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो यात्रा भ्रष्टाचार के मुददे पर उन्होने आरपीएससी से प्रारंभ की, उसमें उन्होंने कहा था कि आरपीएससी भ्रष्टाचार का स्मारक है, लेकिन सीडब्लूसी में आते ही वे सारी चीजों को भूल गए। राठौड़ ने कहा कि टोंक के मतदाताओ के साथ पायलट ने छलावा किया है। पायलट का विमान एटोमेटिक मोड़ पर चल रहा है, जिससे पांच साल में कभी कभार ही वह टोंक उतर पाए हैं।

### चुनाव प्रबंधन को लेकर की चर्चा

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनावी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रबंधन समिति की कार्यशाला में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। आज भाजपा जिस जगह पर है वो बूथ के कार्यकर्ताओं की वजह से है। बूथ मैनेजमेंट से भाजपा की सभी चुनावों में जीत सुनिश्चित होती हैं। बूथ का कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव के काम में जुट जाने का आह्वान किया गया। वहीं उन्होंने चुनाव में जीत के लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सोशल मीडिया का ग्रुप होना चाहिए। इस पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से संबंधित सामग्री का प्रचार-प्रसार करते रहें और राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लाएं। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमुख लोगों की सूची बनाकर संवाद करने पर भी जोर दिया। सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों की रोजाना मानीटरिग करेंगे।

---

**सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत**

# दो बाइकों को टक्कर मारने के बाद बेकाबू होकर पलटी कार

बेधड़क | अलवर



जिले के राजगढ़ सड़क मार्ग पर दो अलग-अलग हादसों में कार सवार सहित तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार सवार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोग कार सवार का पीछा करने लगे। उनसे बचने के लिए भागने के चक्कर में कार सवार ने एक अन्य बाइक को भी टक्कर मार दी। इससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं, कार पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मालाखेडा पुलिस के अनुसार, महवा निवासी अजरू अपनी कार में सवार होकर अलवर से राजगढ़ जा रहे थे। तभी सोनपुर पुलिया के पास एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में थाना राजाजी निवासी चंद्र मोहन (20) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उसका भाई वेद प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद आस-पास के लोग कार सवार का पीछा करने लगे। कार चालक भागने लगा तो जल्दबाजी में एक कलसाड़ा मोड़ पर एक अन्य बाइक को भी टक्कर मार दी। इस हादसे में महेंद्र यादव और हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, दूसरी बाइक को टक्कर मारने के बाद कार बेकाबू होकर पलट गई।

इसके चलते कार चालक अजरू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चंद्रमोहन के शव को मालाखेड़ा अस्पताल में रखवा दिया। जबकि कार चालक अजरू और बाइक सवार वेद प्रकाश के शव को सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। दुर्घटना के बाद मंत्री टीकाराम जूली अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

---

**पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन**

# 18 दिन में एक दिन हो रही पेयजल की सप्लाई, मिलता है सिर्फ बाल्टीभर पानी

बेधड़क | सीकर

जिले के दांतारामगढ़ में पानी की किल्लत से जूझ रहे सैकड़ों लोगों के सब्र का बांध बुधवार को टूट पड़ा। लोगों ने नगर पालिका दांता के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए जलदाय विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया।



इस दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए कार्यालय के बाहर मटके फोड़े। माकपा नेता कामरेड अमराराम ने बताया क्षेत्र के लोग पेयजल की भारी किल्लत से जूझ रहें हैं। दांतारामगढ़ में 18 दिनों में एक बार पानी की सप्लाई हो रही है। इस पर भी आलम यह है कि लोग सिर्फ एक बाल्टी पानी ही भर पाते हैं और सप्लाई बंद हो जाती है। इसके चलते लोग परेशान है और महंगे दामों पर पानी के टैंकर डलवाने को मजबूर हैं। इसके चलते लोगों पर आर्थिक बोझ पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले भर में आचार संहिता लागू होने से धारा 144 लगी हुई है, लेकिन लोगों को मजबूरी में प्रदर्शन करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि पानी की किल्लत के चलते परेशान होना पड़ रहा है।

700 रुपए देकर वे पानी का टैंकर डलवाते हैं लेकिन वह सप्ताह भी नहीं चल पाता। ऐसे में वे बच्चों को पढ़ाएं, अपना घर चलाएं या पानी के टैंकर डलवाएं ये समझ से परे है। महिलाओं ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मतदान का वोट भी नहीं देंगी। वहीं लोगों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

---

**पीहर में फोन करके भाई को दी थी मारपीट की जानकारी**

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज

बेधड़क | अलवर

जिले के किशनगढ़ बास थाना क्षेत्र के हनैपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। इस मामले में महिला के परिजनों ने थाने पर विवाहिता के पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए बहन के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मृतका का भाई समय दीन निवासी ककराली ने बताया उसकी बहन रूकसीना का विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार अनीस निवासी ग्राम हनैपुर तहसील



किशनगढ़बास के साथ हुआ था। विवाह के समय दान दहेज में काफी सामान दिया था, रूकसीना उर्फ रूकी के साथ ससुराल वाले मारपीट करते थे। मृतका के भाई ने बताया कि बहन को ससुराल वाले कम दहेज देने का ताना मारते थे। वे बहन को बोलेरो गाड़ी और दस लाख नकद लाने का दबाव बनाकर उसके साथ मारपीट करते थे।

### मुझे यहां से ले जाओ भाई, ये मुझे मार देंगे

विवाहिता के भाई ने बताया कि मेरी बहन बार-बार कहती थी कि मुझे यहां से ले जाओ नहीं तो ये लोग मुझे जान से मार देंगे। एक बार तो यह सोचकर मामला दर्ज नहीं कराया कि धीरे-धीरे ससुराल वालों के व्यवहार में परिवर्तित हो जाएगा। इस बीच अनीस के तीन बेटों का जन्म हुआ। उस समय भी काफी कुछ दिया गया, लेकिन अनीश बोलेरो गाड़ी और दस लाख रुपए नकदी की मांग पर अड़ा रहा। उसने मेरी बहन को परेशान करना नहीं छोड़ा।

---

**ठगी के निकाल रहे अलग-अलग तरीके**

# किसी को नौकरी तो किसी को वाहन बेचने का झांसा देकर बना रहे शिकार

बेधड़क | अजमेर

जिले में लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले शातिर अब लोगों को फंसाने के अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। किसी को सरकारी नौकरी तो किसी को वाहन सस्ते में वाहन बेचने का प्रलोभन देकर ठगी कर रहे हैं।

जिले में ठगी की तीन वारदातें सामने आईं है, जिनमें ठगों ने अलग-अलग तरीकों से लोगों को झांसा देकर लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। जिले में ठगों ने आरपीएससी की ओर से निकाली गई द्वितीय श्रेणी अध्यापक भर्ती में सरकारी नौकरी का झांसा देकर 6 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने 12 लाख में सौदा तय किया था। इसमें से 6 लाख 46 हजार रुपए आरोपियों ने पहले ले लिए। इसके बाद न नौकरी मिली ना रुपए वापस किए। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर, नयाबाड़ा अजमेर निवासी युगल माली (40) पुत्र ओमप्रकाश माली ने बताया कि पुलिस लाइन नया बाड़ा निवासी महेन्द्र चौधरी से उसकी मुलाकात माह अगस्त 2022 में हुई थी।

रोजाना मिलने के कारण काफी घनिष्ठता हो गई। इसी दौरान उसने बताया कि जयपुर रोड, अजमेर निवासी साजन सिंह रावत उसका मिलने वाला है। उसके कई सरकारी विभाग मे अच्छे संबंध हैं। ऐसे में पीड़ित को कई बार साजन सिंह से मिलवाया। साजन के साथ-साथ हर्ष विहार कॉलोनी, जयपुर रोड



अजमेर निवासी राहुल भाटी से भी परिचय हुआ।

इसने खुद को आरपीएससी का कर्मचारी बताया। इसी दौरान पत्नी का द्वितीय श्रेणी अध्यापक का एग्जाम होना था। जब महेन्द्र, राहुल व साजन को इसका पता चला तो उन्होंने पीड़ित की पत्नी को सरकारी नौकरी लगाने की बात कही और इसके लिए 16 लाख रुपए मांगे। इतनी रकम पर असमर्थता जताई तो 4 लाख कम करने का भरोसा दिया। सबसे पहले माह अक्टूबर मे परीक्षा होने की बात बताई तो पीड़ित को उनकी बातों पर विश्वास हो गया।

### अलग-अलग किश्तों में वसूल ली रकम

पीड़ित ने राहुल और साजन ने अलग-अलग किश्तों में लाखों रुपए ले लिए। पहली किश्त 2 लाख रुपए 9 नवम्बर 2022 को दिए गए। दोनों आरोपियों के कहने पर 8 दिसम्बर 2022 को 1 लाख रुपए किसी राम कंवर के खाते में डाले। आरोपियों ने इसे भी आरपीएससी में कार्यरत होना बताया। 10 जनवरी 2023 को तीसरी किश्त ली। इसमें पीड़ित ने 2.63 लाख रुपए फाइनेंस कंपनी से लेकर दिए थे। इसके बाद फिर से पैसों की डिमांड की तो पीड़ित ने आईफोन भी फाइनेंस करवा कर दिया। इसके बाद रिजल्ट आ गया और पीड़ित का नहीं हुआ तो उसने मामला दर्ज कराया।

### पुलिसकर्मी से 1.81 लाख की ठगी

रिजर्व पुलिस लाइन अजमेर में कार्यरत कांस्टेबल के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने कॉल कर खुद को आर्मी में कार्यरत होने व जम्मू कश्मीर ट्रांसफर होने की बात कहते हुए बाइक बेचना बताया। शातिर ने बाइक की होम डिलीवरी करने के लिए अलग-अलग किश्तों में 1 लाख 81 हजार 166 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद में न तो बाइक मिली और न ही पैसे लौटाए। पीड़ित की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महाराजावास-बहरोड़ जिला कोटपुतली हाल रिजर्व पुलिस लाइन अजमेर में कांस्टेबल अशोक कुमार (45) ने सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया। रिपोर्ट में बताया कि 7 अक्टूबर को उसके पास कॉल आया और फोन करने वाले ने कहा कि वह आर्मी में नसीराबाद में नौकरी करता है। उसका ट्रांसफर जम्मू कश्मीर हो गया है। उसके पास एक बाइक है जिसे वह बेचना चाहता है। उसने कहा कि वह बाइक की होम डिलीवरी कर देगा।

### माल मंगवाया, लेकिन नहीं किया भुगतान

अजमेर में तेल-घी व्यापारी से दिल्ली निवासी महिला व्यापारी ने करीब छह लाख का माल मंगवा लिया और भुगतान नहीं किया। उसकी ओर से पीड़ित को दिया गया चेक भी बाउंस हो गया। रामनगर अजमेर निवासी लोकेश खण्डेलवाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी घी-तेल की दो फर्म है। भावना दुवा पत्नी रोहित दुवा निवासी कारमपुरा, मोतीनगर दिल्ली ने सरस व मिल्क बेस्ट के कुल 70 कर्टन 3 लाख 40 हजार 700 रुपए के और सेठजी प्रीमियम वनस्पति के 135 कर्टन 2 लाख 92 हजार 883 रुपए का आर्डर दिया था। यह पूरा माल भिजवा दिया, लेकिन बार-बार कहने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया। उनकी ओर से दिए गए चेक भी बाउंस हो गए।

**चुनावी पोळ**

बाईसा नै विदा करो,
अर करो बना रो ब्याव ।
ग्यारस की अब छूट है,
25 नै करज्यो न्याव।।

■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | 2 हजार पुलिसकर्मियों की टीम पांच विभागों के साथ मिलकर करेगी प्रदेश में धरपकड़

# चुनाव के लिए पुलिस मुस्तैद चप्पा-चप्पा चाक चौबंद

## आचार संहिता पालना के लिए आईजी विकास कुमार को बनाया स्टेट नोडल अधिकारी



■ ओमप्रकाश शर्मा

**बेधड़क।** प्रदेश में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार हो गया है। आचार संहिता की पालना कराने से लेकर चुनावों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने तक के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। आचार संहिता की पालना के लिए आरएसी में तैनात आईजी विकास कुमार को स्टेट नोडल अधिकारी बनाया गया है। चुनाव के दिन शांतिपूर्ण संचालन, सुरक्षा व पारदर्शिता बनाने के लिए पुलिस मैनेजमेंट की भी कवायद की जा रही है। आचार संहिता का पालन कराने के लिए पुलिस के दो हजार उड़न दस्ते बनाए गए हैं जो प्रदेश में चुनावों को लेकर होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसकी पूरी मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय से होगी।

पहली बार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाइवे और भारत माला एक्सप्रेस हाइवे पर 24 घंटे पुलिस का जाप्ता तैनात रहेगा। यह जाप्ता उन स्थानों पर लगाया जाएगा, जहां-जहां से एक्सप्रेस हाइवे पर वाहनों की एंट्री होती है। वाहनों की 24 घंटे चेकिंग होगी। इस बार खास बात है कि पुलिस पांच विभागों के साथ मिलकर 25 नाके लगाएगी। दरअसल इस दौरान पुलिस अवैध रूप से ले जाए जाने वाली नगदी, हथियार, मादक पदार्थ व शराब पकड़ेगी ताकि आचार संहिता की पालना हो सके। पुलिस ने संवदेनशील निर्वाचन क्षेत्रों का चयन कर लिया है जहां पर उड़न दस्ते तीन पारियों में धरपकड़ करेंगे।

250 चेक पोस्ट और 250 ही नाकों पर सभी जिलों की सीमाओं पर चौकसी की जाएगी। पुलिस ने जिले के अंदर व सभी जिलों की सीमाओं पर 250 चेक पोस्ट बनाए हैं और इतनी ही संख्या में नाके बनाए हैं। यहां एक जिले से दूसरे जिले में आने वाले संदिग्ध लोगों व वाहनों की निगरानी की जाएगी।



### 1 लाख 45 हजार जवानों ने संभाली थी व्यवस्था

प्रदेश के गत विधानसभा चुनाव-2018 में सभी 33 जिलों में चुनाव संचालन की व्यवस्था के लिए 1 लाख 44 हजार 950 जवानों को लगाया गया था। इनमें 49202 प्रदेश के पुलिसकर्मी शामिल थे। 48035 सेंट्रल पैरामिलिट्री पुलिस फोर्स के जवान, 19272 होमगार्ड्स, 15 हजार दूसरे राज्यों के होम गार्ड्स व 9085 आरएसी के जवान व 3356 अन्य जवान इस फोर्स में शामिल थे। सर्वाधिक 13024 जवानों की तैनाती जयपुर जिले में की गई थी। सबसे कम 1636 जवान प्रतापगढ़ जिले में लगाए गए थे। इस चुनाव में भी मतदान दिवस के दिन लगभग इतनी ही फोर्स को लगाने की तैयारी की जा रही है।

### एप से मैनेज होगा डाटा

पुलिस की ओर से प्रतिदिन की जाने वाली कार्रवाईयों के लिए एक एप बनाया गया है। इस एप पर प्रतिदिन की गिरफ्तारी व बरामदगियों सहित अन्य संबंधित डाटा संग्रहित किया जाएगा। पुलिस के साथ आयकर विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग और नारकोटिक्स विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।




### पकड़ा था 370 किलो विस्फोटक

पिछले विधानसभा चुनाव के समय आचार संहिता के दौरान प्रदेशभर में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 370.1 किलो विस्फोटक पदार्थ जब्त किए थे। प्रदेशभर में 4206 अवैध हथियार पकड़े गए थे। पिछले चुनावों में समझदारी दिखाते हुए प्रदेश के नागरिकों ने 1 लाख 60 हजार 327 लाइसेंस्ड हथियारों को सरेंडर कर दिया था। इसके साथ ही 3 लाख 95 हजार 151 लोगों को सीआरपीसी की धारा 107/116 के तहत पाबंद किया गया था। पुलिस ने 2 लाख 14 हजार 575 लोगों पर नॉन बेलेबल वारंट के तहत कार्रवाई की थी। प्रदेशभर में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते हिंसा की 5 बड़ी घटनाएं हुई थीं जिनमें 13 लोग घायल हुए थे। हालांकि इन घटनाओं में किसी की मौत नहीं हुई थी।

### सर्वाधिक संवेदनशील केंद्र जयपुर में

पिछले चुनाव में जयपुर जिले में सर्वाधिक 1588 मतदान केंद्रों को संवेदनशील चिन्हित किया गया था। प्रदेश में 10389 मतदान केंद्र संवेदनशील थे। जयपुर के बाद दौसा में 952, भरतपुर में 807, पाली में 777, जोधपुर में 742, अलवर में 737 व बाड़मेर में 626 मतदान केंद्र संवेदनशील थे। सबसे कम सिरोही में 32 मतदान केंद्र संवेदनशील थे। इन चुनावों में भी संवेदनशील मतदान केंद्रों का आंकड़ा कमोबेश यही रहेगा।

### आचार संहिता की पालना कराएंगे



विधानसभा चुनावों की तिथि घोषित हो चुकी है। आचार संहिता की पालना कराई जाएगी। धनबल के दुरूपयोग को रोका जाएगा और तस्करी पर निगरानी करके कार्रवाई करेंगे।

**विकास कुमार, आईजी, आरएएसी**




## बिहाइंड द कर्टेन

# दूध से जल गए छाछ भी फूंकेंगे

फूल वाली पार्टी की पहली सूची बाहर आने के साथ ही भाइयों की बगावत ने भाई साहबों की नींद उड़ाकर रख दी। अनुशासन का डंडा भी बेअसर साबित हो रहा है। लिहाजा अब दिल्ली दरबार से डैमेज कंट्रोल के हुकुम जारी हुए हैं। इसके साथ ही दूसरी सूची बाहर निकालने से पहले भाई साहबों को नए सिरे से कसरत करने को कहा गया है। उम्मीद के विपरीत बुलंद हुए बगावती झंडों को झुकाने की तैयारी की जा रही है। कइयों को ठंडे छींटे दिए गए हैं तो कइयों के बोरिया बिस्तर गोल करने की चेतावनी भी जारी की गई है। इधर अनुशासित पार्टी के हाल देखकर हाथ वाली पार्टी भी सकते में है। जब अनुशासित भाइयों का यह हाल है तो हाथ वाले भाई लोग तो किसी भी स्तर पर ताकत दिखाने से नहीं चूकेंगे। इधर बीच वाले भाई लोगों ने भी अपने पत्ते बिछाना शुरू कर दिया है। अपने पत्तों में बागियों को संजोने के सपने भी बुने जा रहे हैं क्योंकि आखिर दोनों पार्टियों के बागी ही बीच वाले भाइयों की दुकान सजाएंगे। इधर यायावर को खबर मिली है कि दिल्ली से चुनावी फोर्स भी प्रदेश में डेरा डाल चुकी है। नोट पकड़ने से लेकर चंदे पर भी पूरी नजर रखी जा रही है। फोर्स की सक्रियता ने हाथ वालों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि हाथ वाले भाई साहब को पहले से ही इस फोर्स का अनुमान था इसलिए सब व्यवस्था चाक चौबंद की हुई थी।।

■ यायावर

## ई वॉर



BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 57m
Fake List Alert !

भाजपा के प्रत्याशियों की दूसरी सूची की प्रतीक्षा अभी जारी रखिए।

माना हमारे जिताऊ कैंडिडेट्स की प्रतीक्षा पूरा राजस्थान कर रहा है।

लेकिन हमको नक्कालों से सावधान रहना है!

Rajasthan PCC @INCRajasthan · 4h
।।राजस्थान की जनता के लिए एक ज़रूरी सूचना।।

महिला सशक्तिकरण, कल्याणकारी योजनाओं, और राजस्थान की प्रगति को बरकरार रखने के लिए कांग्रेस को वोट देने की तारीख अब 23 नवंबर की जगह 25 नवंबर कर दी गई है!

#काम_किया_दिल_से
#कांग्रेस_फिर_से

## थड़ी पॉलीटिक्स

इनको तो जनता की सेवा की चस्का है

# टिकट मिले न मिले पर ये लड़ेंगे जरूर



**स्थान** बापू टी-स्टॉल खिरणी फाटक, जयपुर | **समय** दोपहर 3:10 बजे

*"अब तो रोज ही सिर फूटेंगे इनके आपस में। जिसको टिकट मिल गया उसकी तो बल्ले-बल्ले हो गई और जो चूक गए वो पार्टी के साथ माथा फोड़ी करेंगे।" चुनावी माहौल के श्री गणेश के साथ ही नेताओं की जुबानी जंग और उनके समर्थकों की उछल कूद शुरू हो गई है। अपने आपको टिकट का इकलौता हकदार मान रहे नेताजी को जब टिकट नहीं मिला तो जाहिर है गुस्सा फूटना ही था। कुछ तो पांच साल से घर बैठे थे, अब अगले पांच साल काम मिलने की उम्मीद थी पर लिस्ट निकली तो उसने नेताजी की हवाइयां उड़ा दीं। टिकट लेने से चूका कोई नेता पार्टी को कोस रहा है तो कोई उस नेता को जिसे टिकट मिल गया है। अब लगातार देखने को मिलने वाले ऐसे रंगों का नजारा चौक-चौराहों के ठीयों पर देखने को मिल रहा है। हम खिरणी फाटक स्थित एक टी स्टॉल पर पहुंचे तो यहां जमी लोगों की मंडली में यही बात चल रही थी। एक युवा ने चाय की चुस्की लेते हुए बात शुरू की तो सामने से दूसरे का जवाब आया-"पार्टी भी क्या करे। अब सीट हैं दो सौ और टिकट लेने वाले हजारों, टिकट तो एक को ही मिलेगा।" अभी तक सिर्फ सुन रहे मंडली के एक युवा ने सीधा ही एक नेताजी को घेरे में लिया-"तुम्हारे वाले नेताजी को टिकट लाने वाली मैडम में अब से पहले तो कोई कमी नहीं दिखती थी। खुद का टिकट कटते ही उनको मैडम की कमियां ही कमियां नजर आ गईं।" बात सही थी। जो सबसे वरिष्ठ दिख रहा था उसने पूरी चर्चा का कन्क्लूजन निकालते हुए कहा-"भाई, ना तो कोई पार्टी किसी नेता की सगी है, ना कोई नेता किसी पार्टी का। पार्टी को सत्ता चाहिए, नेता को कुर्सी। सत्ता के लिए पार्टी सिर्फ उसी को टिकट देना चाहती है जो जीत सके, फिर चाहे वो कोई भी हो। और नेताजी को तो लोगों की सेवा का ऐसा चस्का है कि चाहे टिकट कटने पर उन्हें दूसरी पार्टी से लड़ना पड़े चाहे बिना किसी पार्टी के लड़ना पड़े, वो लड़ेंगे जरूर।" मजाक में कहे गए इस सच ने सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।*

■ नरेन्द्र शर्मा

## पॉली क्लिक्स



*चुनाव के लिए टिकटों का बंटवारा शुरू हो चुका है। टिकट के दावेदार नेता लगातार टिकट हासिल करने की मशक्कत में लगे हैं। इस फोटो में जयपुर की पांच सीटों से भाजपा के टिकट दावेदार एक फ्रेम में नजर आ रहे हैं। केवल कालीचरण सर्राफ अभी विधायक हैं, बाकी चारों सुरेन्द्र पारीक, राजपाल सिंह, मोहनलाल गुप्ता व अरुण चतुर्वेदी पूर्व विधायक हैं। राजपाल सिंह का टिकट कट चुका है। फोटो हाल ही शहर में एक प्रदर्शन के दौरान की है।*

## पॉली टून




## चुनावी इतिहास के झरोखे से

# मुर्दाबाद के नारे लगे तो सुखाड़िया ने हंसकर कहा था-इससे उम्र बढ़ती है



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

राजस्थान के पूर्वी सिंहद्वार भरतपुर का गांधी पार्क मैदान। उन दिनों चुनावी सभाएं अक्सर लक्ष्मण मंदिर के सामने चौक पर अथवा गांधी पार्क के मैदान पर। अब तो दोनों स्थान अपना पुराना स्वरूप खो चुके हैं। अब बड़ी चुनाव रैली भरतपुर के पुराने मेला मैदान स्थित महाराजा सूरजमल स्टेडियम पर होती हैं। तो हम बात कर रहे थे-गांधी पार्क के मैदान की। निकट में शहर का बड़ा गुरुद्वारा था और बाद में पार्क के निकट सड़क पार डाक घर बना। पार्क से लगी सुजान गंगा नहर ऐतिहासिक लोहागढ़ दुर्ग के चारों ओर शहर की जीवनदायिनी मानी जाती थी।

गांधी पार्क की चुनावी सभा को



संबोधित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया भरतपुर आए हुए थे। तब 1967 में लोकसभा का चुनाव था। स्वाधीनता के पश्चात यह चौथा आम चुनाव था। तब लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं के चुनान एक साथ हुए थे। इसके पश्चात केन्द्र और राज्यों में अलग-अलग वर्ष में चुनाव सम्पन्न होने लगे। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी बाबू राजबहादुर थे जो केन्द्र सरकार में मंत्री भी थे। उनके मुकाबले तत्कालीन भरतपुर रियासत के अंतिम शासक महाराजा सवाई बृजेन्द्रसिंह बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। यह दिलचस्प चुनावी संघर्ष था। इससे पहले के दो लोकसभा चुनावों में

स्वयं बृजेन्द्रसिंह कांग्रेस प्रत्याशी बाबू राजबहादुर का खुला प्रभावी प्रचार किया करते थे। महाराजा अक्सर अपनी गाड़ी में बाबू राजबहादुर को बिठाकर ले जाते थे। उन दिनों महाराजा के विरोधी उन्हें बाबू राजबहादुर के ड्राइवर के खिताब से संबोधित किया करते हैं।

कहते हैं जिस तरह मौसम बदलता है, राजनीति में भी कब क्या फेरबदल हो जाए, इसका अनुमान लगाना इतना सरल नहीं होता। एक तरफ राजस्थान के दिग्गज नेता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया और दूसरी तरफ केन्द्र में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले बाबू राजबहादुर। लेकिन कभी चुनावी मित्रता के प्रतीक बाबू राजबहादुर और तत्कालीन महाराजा

बृजेन्द्र सिंह चुनाव मैदान में एक दूसरे के सामने ताल ठोक रहे थे। तब राजनीतिक क्षेत्रों में यह चर्चा आम थी कि इस चुनावी मैदान का परिदृश्य उपस्थित करने में सुखाड़िया की अहम भूमिका थी। उन्होंने तत्कालीन महाराजा को चुनाव लड़ने के लिए उकसाया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी की दलीय राजनीति में वह बाबू राजबहादुर का चुनाव प्रचार करने की औपचारिकता पूरी करने आए थे।

अब फिर लौट आते हैं-गांधी पार्क पर। सभा आरम्भ हो गई थी। अन्य वक्ताओं के अंत में सुखाड़िया जी का भाषण आरम्भ हुआ। यह क्या हुआ- थोड़ी देर में काले झंडे लेकर कुछ लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे सुखाड़िया मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। अपनी मधुर मुस्कान से नारे सुनते हुए उन्होंने प्रदर्शनकारियों को धन्यवाद दिया। कहा कि जिनके लिए मुर्दाबाद का नारा लगाया जाता है उनकी आयु बढ़ जाती है। यह जवाब सुनते ही नारे बंद हो गए पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत पाए।

## बढ़ता तापमान और जलवायु परिवर्तन तबाही का सबब

# दरकते हिमालय का सवाल





ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

हमेशा शांत रहने वाला हिमालय आज अनेकानेक समस्याओं से जूझ रहा है। लगातार वर्षा, बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन और भूधंसाव जैसी आपदाएं जहां तबाही का सबब बन रही हैं, वहीं बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन ने इसमें और अहम भूमिका निबाही है। दरअसल हर साल आने वाली तबाही से हिमालयी राज्यों का बुनियादी ढांचा जिस तरह तहस-नहस होता है, उसकी भरपाई लाख कोशिशों के बावजूद कभी नहीं हो पाती।

क्योंकि जिस रफ्तार से राहत कार्यों को अंजाम दिया जाता है और ध्वस्त हो चुके बुनियादी ढांचे को फिर खडा करने का प्रयास किया जाता है, उसके पूरे होने से पहले फिर ये आपदाएं इन राज्यों को अपनी चपेट में ले लेती हैं और तबाही का मंजर और विकराल रूप अख्तियार कर लेता है। इसके चलते आपदाओं से ढहा बुनियादी ढांचा कभी अपने पहले स्वरूप में आ ही नहीं पाता। यह किसी एक साल की बात नहीं है बल्कि यह तो हिमालयी राज्यों की नियति बन चुकी है। हां इतना सच है कि इसमें साल दर साल इजाफा जरूर हो रहा है जो चिंता की असली वजह है कि यदि अब भी नहीं चेते तो देश का भाल कहा जाने वाला हिमालय दरक कर ढह जाएगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा विगत दिनों जर्जर हो रहे हिमालयी क्षेत्र की धारण क्षमता पर देश की सर्वोच्च अदालत के सामने कुछ सुझाव रखे हैं ताकि इस विषय पर हिमाचल और उत्तराखंड सहित 11 हिमालयी राज्यों के वैज्ञानिक पहलुओं पर गहन अध्ययन एवं शोध के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने की 21 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिनोंदिन जर्जर हो रहे हिमालय क्षेत्र की धारण करने की क्षमता का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ समिति बनाने के लिए केन्द्र सरकार से सुझाव मांगे थे। दरअसल उत्तराखंड के जोशीमठ में हाल ही में हुए भूस्खलन और कई इलाकों के डूबने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर संज्ञान लिया है।

> “केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा विगत दिनों जर्जर हो रहे हिमालयी क्षेत्र की धारण क्षमता पर देश की सर्वोच्च अदालत के सामने कुछ सुझाव रखे हैं ताकि इस विषय पर हिमाचल और उत्तराखंड सहित 11 हिमालयी राज्यों के वैज्ञानिक पहलुओं पर गहन अध्ययन एवं शोध के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने की 21 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिनोंदिन जर्जर हो रहे हिमालय क्षेत्र की धारण करने की क्षमता का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ समिति बनाने के लिए केंद्र सरकार से सुझाव मांगे थे। दरअसल उत्तराखंड के जोशीमठ में हाल ही में हुए भूस्खलन और कई इलाकों के डूबने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर संज्ञान लिया है।”

सच तो यह है कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल,मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और असम यह 11 हिमालयी राज्य जैव विविधता के मामले में सबसे धनी माने जाते हैं। यह भी कि देश के सभी प्रदेशों के 6,97,898 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से अकेले 11 हिमालयी राज्यों के हिस्से में 2,34,321 वर्ग किलोमिटर हिस्सा आता है। इसमें कुल भौगोलिक क्षेत्र के 16.3 फीसदी में फैला हिमालयी क्षेत्र जल भंडार से संप्रक्त है। वैसे देखा जाए तो समूचा विश्व प्राकृतिक आपदाओं से अछूता नहीं है लेकिन बीते दस -बारह साल ऐसे रहे हैं जिसमें इन हिमालयी राज्यों ने सबसे ज्यादा प्राकृतिक आपदाओं की मार झेली है। असल में पूरब, पश्चिम और मध्य हिमालय के 11 राज्य और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्र दार्जिलिंग ने बाढ़, भूस्खलन, भू-क्षरण और अतिवृष्टि की सबसे ज्यादा तबाही झेली है जिसके कारण यहां पर जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और जन-धन का भारी नुकसान हुआ है सो अलग। जलवायु परिवर्तन भी इसका एक अहम कारण है। इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता। इस दौरान भारी बारिश से हुए जल सैलाब ने भारी तबाही मचाही है। इससे जितना हिमालय को नुकसान पहुंचा है, उससे कहीं अधिक मैदानी क्षेत्र को भी तबाही का सामना करना पड़ा है।

> हमारे देश के नेता और योजनाकार पहाड़ और मैदान को एक ही पलड़े में तौल रहे हैं। पहाड़ों के विकास के लिए जो पृथक विकास नीति होनी चाहिए, उसका प्रारूप कई बार यहां के पर्यावरण कार्यकर्ता केंद्र सरकार के सामने प्रस्तुत कर चुके हैं। दुख इस बात का है कि उस पर विचार ही नहीं हुआ है। सबसे अहम बात तो यह है कि इस बार जिस प्रकार आपदा का हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल पर कहर टूटा है, यदि इस पर गंभीरता से समाधान के प्रयास नहीं किए गए तो हालात और बिगड़ेंगे।

गौरतलब है कि जब से यहां सड़कों के चौडीकरण के काम का विस्तार हुआ है, उसके बाद से ही हिमालय की संवेदनशीलता में बहुत अधिक बढोतरी हुयी है। इसके कारण जगह-जगह पहाड़ दरक रहे हैं। लोग बेमौत मर रहे हैं। खेती योग्य जमीन और चारागाह मलवे के नीचे आ रहे हैं। कई स्थानों पर लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर शिविरों में रहने को विवश हैं। यही हालत चमोली की भी है। यह स्थिति हिमाचल के कई हिस्सों में आज भी बरकरार है। पर्यटकों का सबसे पसंदीदा शहर शिमला पर बहुत बड़ा संकट आया है। वहां 25 फीसदी से अधिक भूभाग डेंजर ज़ोन बन चुका है । वहां पर दर्जनों इमारतें गिर गई हैं । मसूरी में अंधाधुंध पर्यटन के कारण और देहरादून से मसूरी तक प्रस्तावित टनल के निर्माण से लोग बेहद चिंतित हैं कि इस तरह से तो यहां पर एक मंजिला इमारत ही ज्यादा सुरक्षित है । वहां आज बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के कारण और लाखों पर्यटकों के आगमन से मसूरी शहर पर भी खतरा मंडरा रहा है । टिहरी गढ़वाल जिले में टनल निर्माण और आल वैदर रोड के नाम पर चौड़ीकरण के कारण पहाड़ खिसकने से जनधन का भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ समेत पूरे उत्तराखंड में 360 स्थानों पर डेंजर जोन बन गए हैं । वहां पर लगातार भूस्खलन हो रहा है और हर रोज कहीं सड़के बंद हो रही हैं तो कहीं धंस रही हैं। वैस 24 जून के बाद जब मानसून आया था, तबसे जो बारिश जुलाई और अगस्त में हुई है,उससे अभी तक दर्जनों टूरिस्ट हिमालय क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आए हैं ।आस्था और विश्वास के चलते लोग इस तरह अपनी जान गंवा रहे हैं। लेकिन इसमें शासन प्रशासन की भी अहम जिम्मेदारी है कि वह पर्यटकों को नियंत्रित करे। हिमालय क्षेत्र में भारी निर्माण कार्यों के कारण सबसे अधिक तबाही हो रही है क्योंकि हिमालय बहुत संकरा और बहुत छोटी घाटियों और चोटियों में बंटा हुआ है। यहां पर जो भी विकास के नाम पर संरचनाएं निर्माण का प्रयास हो रहा है, वहां संयम बरतने की आवश्यकता है । नहीं तो आने वाले दिनों में भारी नुकसान की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

यह भी चिंता का विषय है कि समझ कर भी हमारे देश के नेता और योजनाकार पहाड़ और मैदान को एक ही पलड़े में तौल रहे हैं। पहाड़ों के विकास के लिए जो पृथक विकास नीति होनी चाहिए, उसका प्रारूप कई बार यहां के पर्यावरण कार्यकर्ता केंद्र सरकार के सामने प्रस्तुत कर चुके हैं । दुख इस बात का है कि उस पर विचार ही नहीं हुआ है। सबसे अहम बात तो यह है कि इस बार जिस प्रकार आपदा का हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल पर कहर टूटा है ,यदि इस पर गंभीरता से समाधान के प्रयास नहीं किये गये तो हालात और बिगड़ेंगे। यह भी कि इस पूरे क्षेत्र में किस तरह के पहाड़ हैं, इससे तो देश के योजनाकार और हम सभी भलीभांति परिचित हैं। उसके बावजूद यहां पर किस तरह का निर्माण,वह चाहे घरों का हो, आवासीय कालोनियों का हो, पन बिजली परियोजनाओं का या बांध का हो या फिर रेल या सड़क निर्माण हो, उससे हिमालय का सीना किस कदर छलनी हो रहा है, उस बारे में और न ही हिमालय की धारण क्षमता के बारे में किसी ने कभी सोचना गवारा ही नहीं किया। हां सुझावों को रद्दी की टोकरी की शोभा जरूर बनाया जाता रहा। दुख है कि केदारनाथ त्रासदी और इस बार की आपदा ने जिसमें हमने बड़े बड़े बहुमंजिले मकान तिनके की भांति ढहते देखे हैं, ने हमें सबक सिखाया है कि अब भी समय है। आपदाओं ने सचेत किया है कि अब चेतो। लगता है कि हम अब भी आपदाओं के संकेतों को समझने में संजीदा नहीं हैं। समस्या की असली वजह यही है। जबकि आपदाओं से जूझने के जज्बे में पहाडी अंचल के लोग किसी से पीछे नहीं रहे हैं। इतिहास इसका सबूत है लेकिन लगता है हम अब इतिहास को भूल चुके हैं या फिर उससे कुछ सीखना नहीं चाहते। उस दशा में भी जबकि मध्य हिमालय भूकंप की दृष्टि से ज्यादा खतरनाक है। जाहिर है समस्या बडी है तो सवाल यह भी है कि समाधान क्या है? ऐसी दशा में हमें विकास और नगर नियोजन की अपनी मूल सोच को परिमार्जित करना होगा। उसे सुरक्षा, स्थिरता के साथ जलवायु अनुकूलन और आपदा प्रतिरोधी समाज के निर्माण के साथ इस हिमालयी क्षेत्र की मूल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विशिष्टता और पर्यावरणीय भावना के अनुरूप विकास का ढांचा अख्तियार करना होगा, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए यदि अब भी हिमालय के विकास के मॉडल पर त्वरित कोई कार्यवाही नहीं हुई तो हिमालय जिस तरह से अभी दरक रहा है। उसकी दर में आने वाले दिनों में और बढोतरी होगी और हिमालय की पुकार के अनसुना करने के भविष्य में और घातक परिणाम होंगे। इसमें दो राय नहीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता



कवि
**सुनील कुमार महला**

### हे! युगदृष्टा

*हाड़ -मांस से हीन वह पुतला आज भी*
*ब्रह्मांड की असीम गहराइयों में समाकर*
*आज भी सत्य, अहिंसा को अपनाने की प्रेरणा देता है*
*जात-पात, धर्म की बंदिशों से कोसों दूर*

*स्वच्छता, शुद्धता और बुद्ध के संदेशों की*
*रश्मियां आज भी छलकती हैं लेकिन*
*आदमीजात न जाने क्यों इसे पहचान नहीं रहा?*
*बारूद के ढेर पर खड़ी इस दुनिया को*
*यही संत चाहिए*

*इस जग को हे ! युगदृष्टा, हे ! युगपरिवर्तक*
*तुम्हारे नवचेतन की दिव्य दृष्टि की आज दरकार है*
*हे ! कृश शरीर आज सत्याग्रह की*
*आवाज उठनी बंद हुई*

*सर्वोदय सिद्धांत घेरे में है ग्राम स्वराज,*
*वसुधैव कुटुंबकम् की भावनाएं आज कहां हैं ?*
*तुम्हारी सत्य, अहिंसा का दरिया*
*आखिर सिमट कैसे सकता है?*

*हे ! भावी मानवता के आदर्श*
*इस स्वार्थी, लहू-लुहान दुनिया को*
*तुम्हारी जरूरत है*
*क्योंकि तुम हो मेखला एक अचल*

*तुम सत्य-अहिंसा की ताकत से*
*शिलाएं पिघलाते हो*
*तुम्हारे ही आशीर्वाद हाथ से*
*इस जग में शांति-यज्ञ संभव हो सकता है*

*आओ तुम चले आओ*
*आओ तुम चले ही आओ*
*इस रंग बदलती, स्वार्थी, भौतिकवादी,*
*मरती-खपती दुनिया में*

*इक तुम ही तो हो*
*जो सत्याग्रह के लिए आज भी*
*अंतरिक्ष के उस अंतिम छोर से भी*
*अपनी लाठी लिए लड़ते हो!*

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
आदिवासी देश के बजट के ₹100 में से मात्र 10 पैसे पर निर्णय लेते हैं - ये बहुत शर्मनाक है! हम आदिवासी, दलित और OBC समुदाय का अपमान होने नहीं देंगे - जातीय जनगणना करवा कर रहेंगे, उन्हें सही हिस्सेदारी दिला कर रहेंगे।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हम गर्व से कह सकते हैं कि संबल और उड़ान जैसी योजनाओं से राजस्थान की बेटियां दुनिया के साथ कदमताल मिलाकर चल रही हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप अपने समय को प्रबंधित करने की कोशिश करने के बजाय, स्पष्ट रूप से अपनी प्राथमिकताएँ निर्धारित करते हैं, तो समय खुद को उनके आसपास व्यवस्थित कर लेगा।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
घर में एक साथ रहना परिवार नहीं कहलाता, बल्कि एक दूसरे को समझना, साथ में जीना और एक दूसरे की परवाह करना परिवार कहलाता है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
मन स्थिति को उसके वास्तविक परिमाण से अधिक बढ़ा देता है, जिससे घबराहट, चिंता और परेशानी की भावनाएं पैदा होती हैं। हमें अपनी भावनाओं को तथ्यों से अलग करना होगा और स्थिति का मूल्यांकन करना होगा कि वह क्या है।


## नॉलेज कॉर्नर: आंखों में विशेषता के कारण कर पाते हैं ऐसा

# आंखें बंद करके भी देख सकते हैं ये प्राणी

सामान्यत आंखें बंद करने पर प्रकाश की कमी के कारण हमें आसपास की चीजें दिखाई नहीं देती हैं, लेकिन कुछ ऐसे जीव होते हैं जो आंखें बंद करने के बावजूद भी अंधेरे में भी देख लेते हैं। देश में ऐसे कई प्राणी पाए जाते हैं जो अपनी आंखें बंद करने के बाद भी देख पाते हैं। राजस्थान में ऐसे ऊंट, उल्लू, गिरगिट प्रजाति के प्राणी है जो आंखें बंद करके के भी देख सकते हैं। सिंसिंडाई परिवार में आने वाली स्किंक नामक छिपकली आंखों में एक स्थाई पारदर्शी झिल्ली होती है, जिसकी वजह से आंखें बंद करने के बाद भी इसे सब कुछ दिखाई देता है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कार्नर में...

### ऊंट के तीन पलकें

रेगिस्तान का जहाज के नाम से प्रसिद्ध ऊंट भी आंखें बंद करके देख सकते हैं। इसकी आंखों में तीन अलग अलग पलकें होती हैं। तीसरी पलक को निक्टटेटिंग झिल्ली कहा जाता है। जो बहुत पतली और पारदर्शी होती है। इसे बंद करके भी यह देख सकता है। इसके लावा रंग बदलने में माहिर गिरगिट आंखें बंद करके देखने में भी सक्षम है। इसकी पलकों के बीच में छोटे-छोटे छेद होते हैं जिसके कारण सब कुछ देख लेता है। इनकी आंखें एक-दूसरे से विपरीत स्वतंत्र रूप से भी घूम भी जाती हैं। वहीँ ओरिएंटल बे नामक उल्लू अपनी आंखें बंद करके भी देख सकता है। इसकी बड़ी-बड़ी काली आंखें होती हैं और इसकी पलके सफेद होती हैं। इसकी सफेद पलकों में छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, जिससे आंखें बंद होने पर भी यह सबकुछ देख लेता है। स्किंक नामक छिपकली की प्रजाति का एक जंतु है। यह भूमि में बिल बनाते समय भी आंखें बंद कर लेता है और इस दौरान कूड़े कचरे में जो भी मिलता है उसे खा लेता है।



### कैसे देख पाते हैं?

सामान्यत आंखें बंद करने पर प्रकाश की कमी के कारण कोई सामान्य प्राणी देख नहीं पाता हैं, लेकिन इन प्राणियों में अपने अस्तित्व को बचाने के लिए आंखों के विशेष अंगों के कारण देख पाते हैं। ऊंट अपने आंखें में पाई जाने वाली तीसरी पलक निक्टटेटिंग झिल्ली के कारण आंख बंद करके के देख सकता हैं। प्रकृति ने इसे ये झिल्ली इसलिए दी ताकि यह रेगिस्तान में उड़ती रेत के बीच आंखें बंद करके भी देख लें और आंखों में गंदगी और धूल भी नहीं जा पाए। गिरगिट शिकार की तलाश में अपने आस-पास आंख बंद कर नजर रखते हैं। जिसे शिकार को शिकारी का आभास नहीं होता हैं। रात्रिकालीन विचरण करने वाला उल्लू के प्रजाति के ओरिएंटल बे उल्लू प्रदर्शित सफेद पलकों के कारण देख सकता है।

### कहां पाए जाते हैं यह प्राणी

*आंखें बंद कर देखने वाला ऊंट राजस्थान के अलावा असम, केरल, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा और पंजाब पाए जाते हैं। उल्लू ग्रामीण भारत में लगभग हर जगह पाए जाते हैं। अक्सर शहरों में, इमारतों के कोने-कोने में देखे जाते हैं। गिरगिट वर्षा वनों से लेकर मरुस्थल तक विश्व के कई गरम क्षेत्रों में पाए जाते हैं ।* **कंटेंट: श्रवण भाटी**






**छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव: नेताओं के बीच जुबानी जंग से चढ़ा सियासी पारा**


# मुकाबले का त्रिकोण बनने की तैयारी में BSP, बस्तर में खोला मोर्चा

एजेंसी | रायपुर

चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ ही छत्तीसगढ़ में सत्ता में लौटने की दावेदार दोनों पार्टियों कांग्रेस व भाजपा ने के नेताओं ने एक दूसरे पर सियासी हमले तेज कर दिए हैं।

भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कैंडी क्रश खेलते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर उनपर जमकर तंज कसा है। जिस पर बघेल ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह अपने राज्य के पारंपरिक खेल और कैंडी क्रश को खेलना जारी रखेंगे क्योंकि उन्हें पता कि छत्तीसगढ़ के लोग किसे चुनने जा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस व भाजपा के लिए बहुजन समाज पार्टी भी चिंता का सबब बनती जा रही है। बसपा राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए अब तक 26 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। जिनमें से 17 प्रत्याशियों की सूची पार्टी ने मंगलवार रात ही जारी की थी। दूसरी सूची में बसपा ने बस्तर इलाके को फोकस करने की कोशिश की है। भटगांव और पत्थलगांव विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। इस बार बसपा राज्य में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। इससे पहले 2018 के चुनाव में बसपा ने अजीत जोगी के पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें जोगी कांग्रेस को 5 सीटें मिली थीं जबकि बसपा ने 2 सीटों पर जीत मिली थी।

### कैंडी क्रश को लेकर वार और पलटवार



बघेल ने ट्विटर पर कैंडी क्रश खेलती हुई तस्वीर खुद शेयर कर भाजपा पर हमला बोला था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पहले भाजपा को ऐतराज़ था कि मैं गेड़ी क्यों चढ़ता हूं, भौंरा क्यों चलाता हूं, गिल्ली डंडा क्यों खेलता हूं, प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक क्यों हो रहे हैं? कल एक बैठक से पहले फोटो मिल गई जिसमें मैं कैंडी क्रश खेल रहा हूं। अब भाजपा को उससे भी एतराज है।

### पूर्व सीएम रमन सिंह ने सवालों का दिया जवाब



इसके बाद पूर्व सीएम रमन सिंह ने रिट्वीट करते हुए जवाब दिया था, भूपेश जी पांच साल से आप छत्तीसगढ़ के साथ "खेल" ही तो रहे हैं। कभी लैंड स्केम गेम, कभी कोल स्केम गेम, कभी सेंड स्केम गेम, कभी लिकर स्केम गेम। अब आचार संहिता लगी है, तो स्कैम गेम तो खेल नहीं सकते तो कैंडी क्रश ही खेल रहे हैं।' रमन सिंह के ट्वीट पर सीएम बघेल ने फिर जवाब दिया और कहा, आप कितने क्यूट हैं डॉ.साहब। कैसे कर लेते हैं आप ये सब, कोई टॉनिक वगैरह लेते हैं क्या? 15 साल तक कमिशनखोरी का कॉमनवेल्थ खेलने वाले अब ऐसी बातें करेंगे?

### 24 BJP नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा

दूसरी ओर प्रशासन शांतिपूर्ण चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है। प्रथम चरण में राज्य के नक्सली गतिविधियों से प्रभावित इलाके में मतदान होना है। इसलिए प्रशासन ने बस्तर अंचल के भाजपा के 24 नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। प्रशासन ने यह कदम इस साल बस्तर के अंदरूनी इलाकों में भाजपा के नेताओं पर हो रहे नक्सली हमले को देखते हुए उठाया गया है। इन नेताओं के साथ दो सशस्त्र कमांडो तैनात रहेंगे, जो अंदरूनी इलाकों में चुनाव प्रचार के दौरान हर वक्त उनके साथ मौजूद रहेंगे। भाजपा के इन नेताओं में कुछ ऐसे नेता भी शामिल हैं जिन पर इससे पहले भी नक्सलियों ने कई बार हमला किया है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन्हें एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है, सबसे ज्यादा दंतेवाड़ा जिले में 10 भाजपा नेताओं को सुरक्षा दी गई है। हालांकि यह सुरक्षा व्यवस्था चुनाव को देखते हुए केवल 31 दिसंबर तक ही मिलेगी। जिन नेताओं को सुरक्षा प्रदान की गई है, उनमें जगदलपुर के भाजपा प्रत्याशी किरण देव भी शामिल है।

## प्रियंका गांधी और कमलनाथ आज भरेंगे चुनावी हुंकार



**भोपाल।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को मध्य प्रदेश के मंडला में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के साथ विशेष विमान से दिल्ली से मध्य प्रदेश आएंगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। बाद में वे हेलिकॉप्टर से जबलपुर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11.45 बजे मंडला पहुंचेंगे और वहां पार्टी की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मध्य प्रदेश के के दौरे पर आए थे। राहुल गांधी शहडोल के ब्यौहारी आए थे, जहां उन्होंने जातीय जनगणना का मुद्दा उठाकर ओबीसी, आदिवासी और दलित वोटर्स को अपने पाले में करने की कोशिश की।

## केसीआर 15 को जारी कर सकते हैं चुनाव घोषणा पत्र

**हैदराबाद।** बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी के विधायक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उम्मीदवारों को चुनाव में अपनाए जाने वाले नियम-कायदों के बारे में बताएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री राव बीआरएस पार्टी का घोषणापत्र भी जारी करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक खुली बैठक में भी भाग लेंगे।

**रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में धार्मिक समारोह में गृह मंत्री हुए शामिल**

# पीएम मोदी बिना खून खराबे के बना रहे हैं राम मंदिर: शाह

एजेंसी | रोहतक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां कहा कि हमने सालों तक अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का इंतजार किया। अब जनवरी 2024 में हम देख पाएंगे कि जहां भगवान राम का जन्म हुआ था, वहीं रामलला विराजमान होंगे।

शाह अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ के एक कार्यक्रम में में भाग लेने के लिए रोहतक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया और बाबा मस्तनाथ मठ में बुधवार को आठमान भंडारा व शंखढाल मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं देशमेला कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सीएम योगी और बाबा बागेश्वर हिस्सा लेंगे। उन्होंने महंत चांदनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया।

गृहमंत्री ने शाह ने अपने संबोधन में कहा, 2019 में देश की जनता ने फिर से पीएम मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने खून की एक बूंद बहाए बिना राम मंदिर का भूमि पूजन कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असंभव लगने वाले कार्यों को एक दिन भी बिना खून-खराबा किए पूरा किया गया है। अयोध्या में श्रीराम की जन्मस्थली में भव्य मंदिर का निर्माण जारी है। शाह ने कहा, मैं ब्रह्मलीन बाबा चांदनाथ को श्रद्धा सुमन अर्पित करने आया हूं। मैं चांदनाथ जी के साथ संपर्क में आया तब मैं पार्टी का अध्यक्ष था। उन्होंने मुझे कुछ बातें लिखी थी, उनमें से अधिकतर बातें पूरी हो चुकी हैं। चांदनाथ राजस्थान में विधायक और सांसद रहें। अब उनके उत्तराधिकारी महंत बाबा बालक नाथ भी अलवर से सांसद हैं और वह विधायक भी बनने जा रहे हैं।



### बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर के गीतों पर झूमे दर्शक

बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर ने मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में वंदे मातरम् और बगड़ बम बम लहरी गीत गाया और सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कैलाश खेर ने गीत के साथ डमरू बजाते हुए नृत्य कर सबको भाव विभोर कर दिया। शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों में जोश भर गया।

### पीएम मोदी ने प्रतिभाशाली एथलीटों को खोजा

हाल ही में चीन के हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार 100 से ज्यादा पदक जीते। 2014 के बाद हर खेल में भारत ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का मुख्य कारण यह है कि पीएम मोदी ने हर जगह प्रतिभाशाली एथलीटों की खोज की, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की और उनकी डाइट और हेल्थ का ख्याल रखा। भारत की खेलो इंडिया पहल गेमचेंजर साबित हुई है। शाह के संबोधन के दौरान मंच पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के अलावा और भी कई नेतागण मौजूद थे।

### गृह मंत्री ने उंगली पकड़ा कर आगे बढ़ाया: बालकनाथ

सांसद महंत बालकनाथ ने मंच से कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उनको उंगली पकड़ कर आगे बढ़ाया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके सानिध्य में देश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी के योगदान का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा मठ के विकास और समाजसेवा का कार्य किया।

**देशद्रोह कानून पर बोलीं CM ममता**

# मनमाने कदम उठा रही है केंद्र सरकार

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि देशद्रोह कानून के प्रावधानों को हटाने के नाम पर केंद्रीय गृह मंत्रालय प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता में गंभीर एवं मनमाने कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बदले मंत्रालय द्वारा चुपके से बहुत ही सख्त और नागरिक विरोधी क्रूर प्रावधानों को लागू करने की गंभीर कोशिश की जा रही है।

ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, पहले राजद्रोह कानून था और अब उन प्रावधानों को वापस लेने के नाम पर वे (गृह मंत्रालय) प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता में मनमाने उपाय पेश कर रहे हैं, जो नागरिकों को और अधिक प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के तैयार किए गए मसौदों को जानकर हैरान हूं कि इसे चुपचाप लागू करने का एक गंभीर प्रयास किया जा रहा है।



### स्थाई समिति में मुद्दा उठाएगी टीएमसी

ममता बनर्जी ने देश के जूरिस्ट और पब्लिक एक्टिविस्ट से इन मसौदों का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि संसद में उनके सहयोगी स्थायी समिति में इन मुद्दों को उठाएंगे। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा, अनुभवों को देखते हुए कानूनों में सुधार की जरूरत है, लेकिन औपनिवेशिक तानाशाही को दिल्ली में पिछले दरवाजे से प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### संसदीय समिति को रिव्यू के लिए भेजा

गौरतलब है कि हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लोकसभा में इन विषयों से संबंधित तीन नए कानूनों का मसौदा पेश किया था। इसके बाद इन मसौदों को संसदीय समिति के पास रिव्यू के लिए भेज दिया गया था।

**अमेरिका की एकता का आधार ही आर्थिक हित...**

# भारत में एकता की विविधता है: भागवत

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत को दुनिया को यह सिखाना है कि विविधता में एकता नहीं, एकता की ही विविधता है। हम एक हैं यह वस्तुस्थिति है। हम अलग-अलग हैं यह भाव है और हमारी भारतीय संस्कृति का भाव ही वसुधैव कुटुंबकम रहा है। भागवत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया में सुरक्षा का एकमात्र उपाय मिलकर रहना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की एकता का आधार ही आर्थिक हित है। वहीं, अरब को एक धर्म के आधार पर एक रखा है। हाल में भारत में समाप्त हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा कि इस बात पर कोई आश्चर्य नहीं है कि जी 20 में जो वसुधैव कुटुंबकम् की बात कही गई थी।

### विद्वान थे मुखर्जी

भागवत ने कहा, पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के साथ बैठने से बहुत कुछ मिल जाता था। वह बहुत विद्वान थे। जब उनसे मैं मिलता था, वह कहते थे कि भारत का संविधान ही सेकुलर है। फिर रुके और बोले कि 500 साल से हमारे देश की यही पद्धति रही है।

**आप नेताओं की गिरफ्तारी पर सीएम अरविंद केजरीवाल का PM पर प्रहार**

# आप पार्टी को खत्म करने की साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आप को खत्म करना चाहते हैं। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमनातुल्लाह खान से मुलाकात के बाद ये सियासी हमला बोला। केजरीवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि दो साल से हमारे वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। आप विधायकों के खिलाफ 170 से अधिक मामले दर्ज किए गए और इनमें से 140 के फैसले हमारे पक्ष में हुए हैं। मनीष सिसोदिया के खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आप नेताओं के खिलाफ फर्जी मामले चल रहे हैं। पीएम मोदी की जुबान में अहंकार है। उन्होंने देश का माहौल खराब कर दिया है, उनसे हर कोई डरा हुआ है। प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए।



### संजय सिंह की हत्या की साजिश का आरोप

आम आदमी पार्टी के नेता दिलीप पांडे ने बुधवार को दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की हत्या की साजिश रच रहा है, जिन्हें जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच के सिलसिले में पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**

# इस बार किस करवट बैठेगा मालवा-निमाड़ अंचल का आदिवासी वोटर!

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के साथ ही राज्य में सियासी तापमान बढ़ गया है और सत्ता में वापसी की दावेदार दोनों पार्टियों ने अपनी चुनावी समीकरण साधने का अभियान तेज कर दिया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा प्रदेश का दौरा कर पार्टी के चुनाव अभियान को गति दे रहे हैं तो दूसरी ओर सत्तारूढ़ भाजपा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाएं कर चुके हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को शहडोल में सभा कर राज्य के महाकौशल और विंध्य अंचल के समीकरण साधने पर ध्यान केंद्रित किया। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोहनखेड़ा आकर सीधे-सीधे मालवा-निमाड़ की 22 आदिवासी सीटों के साथ-साथ अन्य 44 सीटों को साधने की कोशिश की। पीएम मोदी भी शहडोल में सभा कर इन आदिवासी सीटों के साथ पार्टी के तार जोड़ चुके हैं। साफ है कि दोनों पार्टियों की नजर राज्य के मालवा-निमाड़ क्षेत्र पर भी टिकी हुई हैं। मध्य प्रदेश में कहा भी जाता है कि भोपाल की सत्ता का रास्ता मालवा-निमाड़ से होकर जाता है। यानी मालवा-निमाड़ को प्रदेश की सत्ता की चाबी कहा जाता है, क्योंकि छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद से ही मालवा-निमाड़ मध्य प्रदेश का एक तरह से किंगमेकर बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में जिस पार्टी को कामयाबी मिलती है, प्रदेश की सत्ता पर उसी का कब्जा होता है, पिछले पांच विधानसभा चुनावों के नतीजे तो यही कहते हैं।





### एमपी में आदिवासी सीटों की स्थिति

| दल | वर्ष | सीटें |
| --- | --- | --- |
| भाजपा | 2013 | 31 |
| | 2018 | 16 |
| कांग्रेस | 2013 | 15 |
| | 2018 | 01 |
| निर्दलीय | 2013 | 01 |
| | 2018 | 01 |

### आदिवासी समाज पर टिकी है नजर

मालवा निमाड़ पश्चिमी मध्यप्रदेश के इंदौर और उज्जैन संभागों में फैला है। इस अंचल में आदिवासी मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। राज्य में जनजाति के लिए आरक्षित 47 सीटें आरक्षित हैं जिनमें से सबसे अधिक 22 सीटें मालवा-निमाड़ में आती हैं। इसके बाद महाकौशल में 13, विंध्य में नौ और मध्य भारत में तीन सीटें आती हैं। इस हिसाब से मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में से 46.8 फीसदी मालवा-निमाड़ में पड़ती हैं। पिछली बार मालवा-निमाड़ में इन सीटों पर भाजपा को नुकसान हुआ था। इसलिए इस बार भाजपा आिदवासी मतों को अपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत साधना चाहती है। यदि आरक्षित सीटों पर नजर डालें तो 2008 में भाजपा ने प्रदेश में आरक्षित 47 में से 29 और 2013 में 31 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2018 में भाजपा को इनमें से 16 सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस के खाते में 30 सीटें आई थी। इस तरह प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में लौटी।

### 2018 में कांग्रेस आगे, BJP को लगा था झटका

मालवा-निमाड़ में विधानसभा की 66 सीटें आती हैं। 2018 के चुनाव में भाजपा की हार की सबसे बड़ी वजह मालवा-निमाड़ ही रहा था। यहां की 66 सीटों में से सबसे अधिक 35 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, तो भाजपा 28 सीटें पर जीत मिली थी, जिससे कांग्रेस 15 साल बाद प्रदेश की सत्ता वापसी में सफल रही थी, जबकि 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मालवा-निमाड़ में एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 57 सीटों पर अपना कब्जा किया था, जबकि कांग्रेस को केवल 9 सीटें मिली थी। इसलिए भाजपा- कांग्रेस की नजर मालवा-निमाड़ अंचल पर टिकी हुई है।

### आप से कांग्रेस के दिग्गजों की राह मुश्किल

आप विधानसभा चुनावों को सीधी लड़ाई के बजाय त्रिकोणीय रूप देने में जुटी है। पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। आप कांग्रेस के कुछ दिग्गजों नेताओं की राह मुश्किल कर सकती है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई और गुना जिले के चाचौड़ा से विधायक लक्ष्मण सिंह के क्षेत्र में आप ने भाजपा से पार्टी में आई ममता मीणा को टिकट दिया है। ममता यहां कांग्रेस प्रत्याशी के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं।

## जरूरी खबर

### ईडी की अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सात घंटे पूछताछ



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। उनसे नौकरी के बदले नकदी घोटाले में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में पूछताछ की गई। पूछताछ साल्ट लेक इलाके में ईडी के कार्यालय में सुबह करीब 11 बजे पूछताछ शुरू हुई। ईडी अधिकारी ने बताया कि हम नौकरी घोटाले में उनसे पूछताछ कर रहे हैं। हम उनसे कथित घोटाले में शामिल दो कंपनियों के निदेशकों की भूमिकाओं के बारे में पूछ रहे हैं। वह एक समय में दोनों कंपनियों में महत्वपूर्ण पद पर थीं। उनसे इस बारे में भी पूछताछ की जा रही है। ईडी ने नौकरी घोटाले की जांच के संबंध में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में कम से कम चार स्थानों पर कई चावल मिलों में तलाशी भी की।

### भारत-चीन के बीच कोर-कमांडर स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत-चीन के बीच नौ और 10 अक्टूबर को कोर-कमांडर स्तर की 20 वीं बैठक हुई। बैठक भारतीय पक्ष में चुशुल-मोल्डो सीमा के पास हुई। दोनों देशों ने जल्द से जल्द और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से बातचीत की और विचारों को साझा किया। बैठक में पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ शेष मुद्दों के समाधान पर अहम चर्चा हुई। इस दौरान 13-14 अगस्त को हुई कोर कमांडरों की बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों की भी समीक्षा की गई। इससे पहले 23 अप्रैल को हुई सैन्य वार्ता में भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों को हल करने के लिए दबाव डाला था।

### युवाओं के लिए बनेगा मेरा युवा भारत मंच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 'मेरा युवा भारत' मंच स्थापित करने का सरकार का निर्णय युवा नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने और भारत के प्रतिभाशाली युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने में काफी मददगार साबित होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने युवाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में काम करने के लिए एक स्वायत्त निकाय 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) की स्थापना को मंजूरी दी है।

## फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के प्रमुखों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह





**नई दिल्ली।** फ्रांस के दौरे पर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कई शीर्ष फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। बातचीत के दौरान डसॉल्ट के सीईओ एरिक ट्रैपियर; नेवल ग्रुप के सीईओ पियरे एरिक पॉमलेट, एयरबस के सीईओ गिलाउम फौरी और सफ्रान ग्रुप के सीईओ ओलिवियर एंड्रीज़ उपस्थित थे। उन्होंने पेरिस के पास गेनेविलियर्स में सफरान इंजन डिवीजन के अनुसंधान एवं विकास केंद्र का दौरा किया और एयरो-इंजन प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास देखा। सिंह ने भारत में सह-विकास और सह-उत्पादन के फायदों पर प्रकाश डाला, जिसमें तीसरे देशों को निर्यात की संभावना भी शामिल है।

### 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की अनुमति का मामला

# जजों में एक राय नहीं, खंडित फैसले पर केस CJI को भेजा

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने नौ अक्टूबर के उस आदेश को वापस लेने की केंद्र की याचिका पर बुधवार को खंडित फैसला सुनाया, जिसमें एक महिला को 26 साल की उम्र में गर्भपात कराने की अनुमति दी गई थी। न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश बी वी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि केंद्र की याचिका को अब निर्णय के लिए उचित पीठ के पास भेजने के लिए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखा जाएगा।

इससे पहले दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा उनकी न्यायिक अंतरात्मा उन्हें गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति नहीं देती है। उनके इस फैसले पर असहमति प्रकट करते हुए न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि महिला के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। न्यायाधीश नागरत्ना ने 9 अक्तूबर के आदेश को वापस लेने की मांग करने वाली केंद्र की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पिछले आदेश पर अच्छी तरह से विचार किया गया था। पीठ में शामिल दोनों न्यायाधीशों की राय में मतभेद के बाद मामले को बड़ी बेंच में सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा गया। अब इस पर बड़ी बेंच विचार कर सकती है।



#### क्या कहता है कानून

गौरतलब है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। विवाहित महिलाओं, बलात्कार पीड़ित महिलाओं सहित विशेष श्रेणियों और विकलांग और नाबालिगों जैसी अन्य कमजोर महिलाओं को गर्भ गिराने के लिए मेडिकल बोर्ड और अदालत की अनुमति जरूरी होती है।

#### केंद्र सरकार ने आदेश वापस लेने को कहा

दरअसल, एम्स, दिल्ली में एक विवाहित महिला 26 सप्ताह के गर्भ को मेडिकल तरीके से समाप्त करने की अपील के साथ पहुंची। गर्भ को चिकित्सीय तरीके से गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ही न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश बीवी नागरत्ना की पीठ ने गर्भ गिराने की अनुमति दी थी। भ्रूण के गर्भपात के मामले में केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने आदेश को वापस लेने की मांग की थी। न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश एनवी नागरत्न की पीठ के समक्ष एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि भ्रूण की सांसें चल रही हैं। इस स्थिति में गर्भ समाप्त करने का महिला को सम्पूर्ण अधिकार नहीं है। ये एमटीपी एक्ट के तहत भी मान्य नहीं है, ये अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को महिला को यह ध्यान में रखते हुए गर्भावस्था का चिकित्सीय उपायों के साथ समाप्त करने की अनुमति दी थी कि वह अवसाद से पीड़ित थी और भावनात्मक, आर्थिक और मानसिक रूप से तीसरे बच्चे को पालने की स्थिति में नहीं थी। इस पर कोर्ट ने एम्स के गायनिक विभाग से महिला का चेकअप करने और गर्भपात करने का आदेश दिया था। महिला की जांच के डॉक्टरों ने जो रिपोर्ट दी, उसमें संभावना जताई कि भ्रूण की धड़कन चल रही है। मंगलवार को एम्स के डॉक्टरों की दुविधा का पता चलने के बाद सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने मामले पर विचार के बाद कहा था कि फिलहाल एम्स गर्भपात ना करे।

### चुनाव आयोग सख्त

## 25 शीर्ष अधिकारियों का किया तबादला

एजेंसी | नई दिल्ली

राजस्थान समेत देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने इन राज्यों में 25 पुलिस कमिश्नर और एसपी, नौ जिला मजिस्ट्रेट, चार सचिवों और विशेष सचिवों सहित कई शीर्ष पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए गए हैं। आयोग की एक समीक्षा बैठक में कुछ अधिकारियों के काम में लापरवाही पाई, जिसमें चुनाव प्रलोभन के रूप में शराब की अवैध आपूर्ति सहित कई मामलों में मिलीभगत की जानकारी मिली।

चुनाव आयोग ने स्थानांतरित अधिकारियों को तुरंत अपने जूनियर को प्रभार सौंपने के लिए कहा। इन पांच राज्यों में समीक्षा बैठक दौरान चुनाव आयोग ने ईडी और जिला प्रशासन को चुनावी प्रक्रिया के दौरान लोभ-लालच देने को लेकर निगरानी रखने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग ने राज्यों में शराब और नकदी वितरण को लेकर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



#### तेलंगाना में तेरह पुलिस अधिकारियों के किए तबादले

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार के अनुसार तेलंगाना में समीक्षा बैठक में पाया गया कि कई गैर-कैडर अधिकारियों को जिला प्रभारी के रूप में तैनात किया गया था, जबकि प्रशासनिक और पुलिस सेवाओं के अधिकारियों को गैर-महत्वपूर्ण पोस्टिंग दी गई थी। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने अब राज्य के 13 एसपी और पुलिस कमिश्नर के तबादले के आदेश दिए हैं। तेलंगाना में स्थानांतरित किए गए 13 पुलिस अधिकारियों में से नौ गैर-कैडर पुलिस अधिकारी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, हैदराबाद, वारंगल और निजामाबाद के पुलिस कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है।

### पंजीकृत लोगों को लेकर आज तेल अवीब से आ सकती है विशेष उड़ान

## भारतीयों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली

इजरायल में युद्ध के बीच फंसे भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय लॉन्च किया है। इसके के तहत वहां फंसे हुए भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रूप से भारत लाया जाएगा।



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर एक ट्विट में लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि जिन भारतीय नागरिकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है, उन्हें गुरुवार की स्पेशल फ्लाइट के लिए मेल कर दिया गया है। बाद की उड़ानों के लिए अन्य पंजीकृत लोगों को संदेश भेजा जाएगा।

#### इमरजेंसी नंबर जारी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मौजूदा हालत को देखते हुए भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किए गए हैं। ये आपातकालीन नंबर 1800118797, +91-11 23012113, +91-11-23014104, +91-11-23017905 और +919968291988 हैं। इसके अलावा ईमेल: Situna-tionroom@mea.gov.in है। इजरायल के शहर तेल अवीव में स्थित भारतीय दूतावास का इमरजेंसी नंबर +972-35226748 और +972-543278392 है।

#### जयशंकर की यूएई विदेश मंत्री से वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान से बात की और हमास आतंकवादियों द्वारा इजराइल पर हमलों और तेल अवीव के जवाबी हमले से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा की। जयशंकर इस समय श्रीलंका की यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यहजानकारी दी।

## प्रदर्शनी का अवलोकन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी बुधवार को नई दिल्ली में केपीएमजी के वार्षिक नवाचार व ऊर्जा सम्मेलन के दौरान एक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का अहम फैसला

# हाई कोर्ट में जजों के लिए 13 नामों की सिफारिश

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 13 न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की है।

कॉलेजियम में न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हैं। इसने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायिक अधिकारियों-शालिंदर कौर और रविंदर डुडेजा के नाम की सिफारिश की। कॉलेजियम ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से 30 मई को न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा कि विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए पीठ में महिलाओं के लिए अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसने कहा कि वह इस तथ्य से अवगत है कि कौर 30 सितंबर, 2023 को दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त हुई हैं।

इसके बावजूद, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अधिकारी का एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है और उनके पास योग्यता एवं सत्यनिष्ठा दोनों हैं, कॉलेजियम का विचार है कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं। दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा अधिकारी के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के लिए यह 62 वर्ष है।



#### केरल हाई कोर्ट के पांच न्यायिक अधिकारियों के नाम भेजे

वहीं, एक अन्य फैसले में, कॉलेजियम ने केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए पांच न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की। इनमें एम. बी. स्नेहलता, जॉनसन जॉन, जी. गिरीश, सी. प्रतीपकुमार और पी. कृष्णा कुमार शामिल हैं। इसने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए तीन न्यायिक अधिकारियों–अभय जयनारायणजी मंत्री, श्याम छगनलाल चांडक और नीरज प्रदीप धोटे के नाम की भी सिफारिश की।

#### त्रिपुरा, गुजरात व आंध्र हाई कोर्ट के लिए भी होगी नियुक्तियां

इनके अलावा, कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी विमल कन्हैयालाल व्यास को गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। इसके अलावा न्यायिक अधिकारियों-बिस्वजीत पालित तथा सब्यसाची दत्ता पुरकायस्थ को त्रिपुरा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। इसने अधिवक्ता रवींद्र कुमार अग्रवाल की नियुक्ति पर केंद्र द्वारा उठाई गई आपत्तियों को खारिज करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की। कॉलेजियम ने एक अन्य निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चार अधिवक्ताओं-हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमयी मंडावा, सुमति जगदम और एन. विजय के नामों की सिफारिश की।

### बढ़ेगी ताकत: साधा सटीक निशाना

## विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण

एजेंसी | कोलकाता

भारतीय वायुसेना ने हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास ब्रह्मोस मिसाइल के सतह से सतह पर मार करनेवाले वर्जन का सफल परीक्षण किया। मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर लिया।

विस्तारित रेंज की यह नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 450 किलोमीटर तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है। सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने यह सफल परीक्षण पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इसके साथ सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल दुनिया की सबसे तेज गति से मार करने वाली मिसाइल है। भारतीय सेना ने इसके भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवंबर 2020 को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था।



मिस सेलेस्ट इंडिया का लुक लॉन्च, 13 को चौमूं पैलेस में होगा फिनाले

# कंटेस्टेंट का मेकओवर बड़ी जिम्मेदारी

**बेधड़क.जयपुर।** मिस इंडिया बनने का सपना हजारों गर्ल्स अपनी आंखों में संजोए महीनों मेहनत करके कई राउंड क्लियर करने के बाद अपनी मंजिल के करीब पहुंचती हैं। इसी कड़ी में मिस सेलेस्ट इंडिया का आयोजन चौमूं पैलेस में 13 अक्टूबर को किया जाएगा। उसी की तैयारी के तहत सिल्वरइन सलून वैशाली नगर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सेलेब्रिटी मेकओवर एण्ड ग्रूमिंग एक्सपर्ट पूर्णिमा गोयल ने बताया कि मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया व द मिस ग्लोब इंडिया बनना और भारत देश को रिप्रेजेंट करना बहुत बड़ी और जिम्मेदारी वाली बात है तो कंटेस्टेंट को ग्रूम करना और उनका मेकओवर करना बहुत ही जिम्मेदारी वाला काम है। प्रतियोगिता के विनर्स की घोषणा 13 अक्टूबर को चौमूं पैलेस में की जाएगी।



फोटो: पंकज शर्मा

### ग्रूमिंग लुक्स प्रेजेंटेबल होना जरूरी

फाइनल में लाइट की चकाचौंध के साथ ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा। उसके लिए मेकओवर और ग्रूमिंग लुक्स बहुत ही प्रेजेंटेबल होने जरूरी है। इन्हीं चीजों को ध्यान में रखते हुए हमने बहुत सारी तैयारियां की है। मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया 2021 मिताली कौर का विनर लुक प्रेजेंट किया, जिनमें नेचुरल लुक के साथ में ग्लैमर का तड़का लगाया। मिस राजस्थान 2023 वैष्णवी शर्मा और मिस कॉसमॉस क्वीन इंडिया परिधि शर्मा ने बताया कि स्पेशली गर्ल्स के लुक को इस तरीके से प्रेजेंट किया जाएगा कि वह उनकी नेचुरल फेशियल ब्यूटी के साथ में प्रेजेंटेबल और नेचुरल दिख सके।

### पेजेंट की विनर करेंगी देश को रिप्रेजेंट

मिस सेलेस्ट इंडिया के आयोजक योगेश मिश्रा और जीके अग्रवाल ने बताया की मिस सलेस्ट इंडिया प्रेस्टीजियस पेजेंट है और इस पेजेंट की विनर देश को रिप्रेजेंट करने के लिए मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया व द ग्लोब इंडिया बनकर भारत का प्रतिनिधित्व इंटरनेशनल पेजेंट में करती हैं। मिस इंटरकॉन्टिनेंटल का आयोजन दिसंबर माह में इजिप्ट में किया जाएगा और द मिस ग्लोब अल्बानिया में नवंबर में आयोजित होगा।

### देश को रिप्रेजेंट करना बड़ी बात

प्रेस वार्ता में सिल्वर इन के फाउंडर शिशिर गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि देश को रिप्रेजेंट करना एक बड़ी बात है। इसके लिए हम पूरे प्रयासरत हैं और रहेंगे। इस बार लारा दत्ता 1997 और डिंपल पटेल 2016 की तरह इंटरनेशनल टाइटल वापस देश के नाम हो पाए।

## नन्हे-मुन्नों ने प्रस्तुति से मन मोहा



**बेधड़क. जयपुर।** लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल, महावीर नगर वार्षिकोत्सव अनुत्तरा 2023 जवाहर कला केन्द्र के रंगायन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम 'कृष्ण - द डिवीने टीचर' पर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में तीन लघु नाटिकाओं का मंचन किया गया, जो बेहद प्रेरक एवं संदेशयुक्त थी। प्रत्येक क्लास की ओर से एक-एक नृत्य कार्यक्रम का मंचन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश नीलू गोधा एवं विशिष्ट अतिथि डा. गौरव जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के निदेशक अजय जैन, विशेष अतिथि विनीत जोशी और शेफाली विल्लियम्स, शैक्षणिक प्रबंधक लिटिल मिलेनियम ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार अशोक जैन (रिटायर्ड आईएएस), अभिषेक गोधा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल खुशबू जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन विभा काला और वर्तिका जैन ने किया। कार्यक्रम में टीचर्स श्वेता जैन, रानू चौधरी, कविता नवलखा, मीनल शर्मा, कल्पना सोनी, मेहा बक्शी, पुनीत चौहान और हर्षिता जोशी का योगदान रहा।

## मित्तल अध्यक्ष निर्वाचित




**बेधड़क. जयपुर।** श्री अग्रवाल सेवा समिति, विधाधर नगर के चुनाव में नथमल मित्तल को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी मक्खन कांडा ने नथमल मित्तल को अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र दिया। सौरभ गोयल को अग्रवाल समाज सेवा समिति, विधाधर नगर में वर्ष 2023-25 के लिए युवाध्यक्ष बनाया। समाज के सभी वर्गों ने मित्तल, गोयल को बधाई दी।

## शिक्षक बने रोड सेफ्टी ट्रेनर




**बेधड़क. जयपुर।** परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिराज शर्मा एवं डॉ. शिल्पा चौधरी रोड सेफ्टी, बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर एवं इमरजेंसी केयर के प्रशिक्षण के लिए सर्टिफाइड ट्रेनर बन गए हैं। दोनों शिक्षकों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन कोलेबेरेटिंग सेंटर जेपीएन अपेक्स ट्रोमा सेंटर, आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली एवं राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा प्रणाली, सड़क दुर्घटना में मरीज को अस्पताल पहुंचाने से पहले दिए जाने प्राथमिक उपचार तथा मेनिकिन पर सीपीआर प्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## City इवेंट्स

### संत समागम की तैयारियां जोरों पर



**बेधड़क. जयपुर।** संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। समागम की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ मैदानों को समतल करने के लिए मिट्टी से भरे तसले ले जाकर ऊबड़-खाबड़ जगहों पर डाल रहे हैं। संतों द्वारा संगतों के लिए टेंट लगाने, शामियानों की व्यवस्था में सहायता करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इस समागम में आने वाले श्रद्धालुओं का निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर स्वागत कर उन्हें पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाएंगे।



### धर्म और धर्मात्मा की सदैव रक्षा करें



**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य वसुनंदी मुनि राज के दीक्षा दिवस तथा प्रांतीय धर्म जागृति संस्थान के स्थापना दिवस पर बुधवार को संस्थान के पदाधिकारियों ने प्रेरणा स्त्रोत आचार्य वसुनंदी के शिष्य मीरा मार्ग में प्रवास रत मुनि त्रय सर्वानन्द, जिनानंद और पुण्यानन्द को श्रीफल समर्पित किए। संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व पदाधिकारियों ने मुनिवर से संस्थान और सदस्यों को धर्म प्रभावना व साधु संतों की निरन्तर सेवा का आशीर्वाद मांगा। मुनि जिनानंद ने कहा कि धर्म और धर्मात्मा की रक्षा करें। संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया, पंकज लुहाड़िया, राकेश मधोराजपुरा, महेश काला, भाग चंद मित्रपुरा, राजेंद्र पापड़ीवाल, सुरेंद्र काला, कमल चंद जैन सहित सभी ने शीघ्र ही संस्थान की और से मुनि त्रय के सानिध्य में धर्म प्रभावना के वृहद् कार्यक्रम की भावना जताई

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर वीजीयू में कार्यक्रम

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों का सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी एनएएसी में नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी रूमा देवी ने 'खड़े रहे, अड़े रहे' की सोच के साथ अपनी संघर्ष की कहानी बताई।

उन्होंने कहा कि जब वो महज चार वर्ष की थी, तब उनकी माताजी की मृत्यु हो गई थी। इसके कारण वो आगे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि विवाह के उपरांत जब उनकी बेटी की मौत इलाज के अभाव में हो गई तब उन्होंने उनकी दादी द्वारा दी गई परंपरागत सिलाई के शिक्षण की मदद से काम करना शुरू किया और धीरे-धीरे अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज, वीजीयू के वाइस चेयरपर्सन डॉ. के आर बगड़िया ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जयपुर ब्रांड एम्बेसडर इनाया खान ने लोगों के साथ अपनी यूट्यूब यात्रा साझा की। रूमा देवी फाउंडेशन के डायरेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि फाउंडेशन ने बालिका उत्थान के लिए कई लोगों को बेटी बचाओ में 20 हजार और बेटी पढ़ाओं में 25 से 75 हजार रुपए दिए हैं। कार्यक्रम में रेखा शर्मा, अनीता शर्मा, रेशु शर्मा, विधि जांगिड़, रेखा जांगिड़, नेहा जांगिड़, प्रज्ञा जांगिड़, पायल शर्मा, पूजा शर्मा, प्रिय शर्मा, हंस मीणा और विश्राम शर्मा को पुरस्कार प्रदान किए गए।

महिला सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

## हमें स्त्री का वंदन नहीं, स्त्री की समता की वकालत करनी चाहिए

**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति, राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च एवं एसएस जैन सुबोध महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 11 अक्टूबर को 'वर्तमान परिपेक्ष्य में महिला सशक्तीकरण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस पर शुरू हुई इस संगोष्ठी में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि हमें स्त्री-वंदन नही स्त्री-समता की वकालत करनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति के अध्यक्ष एवं संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. शैलेंद्र मौर्य ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. लाड कुमारी जैन, विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर विजयलक्ष्मी चौहान, पूर्व निदेशक महिला अध्ययन केंद्र एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, राजस्थान राज्य महिला अधिकारिता निदेशालय के राज्य समन्वयक डॉ. जगदीश प्रसाद, प्रोफेसर निर्मला सिंह, पूर्व विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग, वनस्थली विद्यापीठ टोंक रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति अरुण, सह आचार्य, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबोध महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रेनू जोशी ने की। डॉ. शैलेंद्र मौर्य, डॉ. ज्योति अरुण, प्रोफेसर विजयलक्ष्मी चौहान, डॉ. जगदीश प्रसाद, प्रोफेसर निर्मला सिंह, प्रो. लाड कुमारी जैन ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. रेनू जोशी ने अध्यक्षीय भाषण दिया।अंत में डॉ. रुचि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सुमन मौर्य, निर्देशक, अंबेडकर अध्ययन केंद्र राजस्थान विश्वविद्यालय ने की।



डांडिया डिलाइट्स | 15 से EP के जलसा लॉन में सेलिब्रिटी डीजे और लाइव बैंड करेंगे एंटरटेन

## जयपुर में पहली बार 9 रातों तक मचेगी गरबा की धूम

**बेधड़क** | जयपुर

पिंकसिटी में पहली बार 9 दिन तक डांडिया नाइट्स का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार अलग-अलग सेलिब्रिटी डीजे और लाइव बैंड डांडिया में लोगों को एंटरटेन करेंगे। इसके लिए वीएनटी एडवरटाइजिंग की ओर से डांडिया डिलाइट्स का आयोजन एंटरटेनमेंट पैराडाइज स्थित जलसा लोन में किया जाएगा। आयोजक प्रदीप, सुनील सोनी और दूर्वा ने बताया कि जयपुर में हर नवरात्रि में डांडिया के आयोजन तो होते हैं पर वो पूरे नवरात्र नहीं होते हैं। हमारी जानकारी में अब से पहले यहां नो नाइट तक डांडिया नहीं हुआ है, लेकिन इस बार पूरे नवरात्र जयपुराइट्स डांडिया में धूम मचाएंगे। इसके लिए अलग-अलग सेलिब्रिटी डीजे बुलाए गए हैं। 15 से 23 अक्टूबर तक हर दिन बचेगी गरबा की धूम।



### हर दिन की होगी अलग थीम

एंटरटेनमेंट पैराडाइज के जलसा लॉन में सेलिब्रिटी डीजे और लाइव बैंड के संग होने वाले इस डांडिया डिलाइट्स में हर दिन डांडिया की थीम अलग होगी। आयोजकों के अनुसार पहले दिन की थीम गुजराती होगी। इसके बाद दूसरे और दिन की थीम फ्यूजन होगी। तीसरे दिन की थीम बॉलीवुड, चौथे दिन की पंजाबी, पांचवें दिन की गुजराती, छठे दिन की राजस्थानी, सातवें दिन की बंगाली और फिर आठवें दिन हिप हॉप थीम पर लोग धूम मचाएंगे।

### अब तक आई 400 एंट्रीज

डांडिया डिलाइट्स में डांडिया नाइट्स के लिए अब तक 400 से ज्यादा एंट्रीज आ चुकी हैं। कार्यक्रम में एंट्री अपनी सहूलियत के हसाब से ली जा सकती है। यह एंट्री पूरे नौ दिन के लिए भी हो सकती है या फिर केवल सिंगल डे के लिए भी। एंट्री के साथ ही अलग-अलग थीम पर डांडिया को एंजॉय किया जा सकेगा।

### टाइटल से करेंगे सम्मानित

आयोजकों ने बताया कि डांडिया डिलाइट्स में डांडिया नाइट्स में डांडिया करने के साथ ही पार्टीसिपेंट्स को पूरे 9 दिन जयपुराइट्स को अलग-अलग टाइटल्स भी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कुछ सरप्राइज गिफ्ट कपल्स को भी दिए जाएंगे। इस दौरान बेस्ट ड्रेस, बेस्ट स्माइल, बेस्ट डांडिया, बेस्ट डांस आदि के टाइटल देकर प्राइस दिए जाएंगे।



आईने की क़ीमत भले ही हीरे से लाख गुना कम हो, पर इतना तय है हीरा पहनने के बाद लोग आईना ही ढूंढते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### फिलिस्तीन-इजराइल जंग: गाजा पर जमकर बम बरसा रहा इजराइल...

# जंग में 2,100 से अधिक की मौत, 4600 घायल




## इस बीच UAE ने कर दिया बड़ा ऐलान

**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास आतंकियों के इजराइल पर हमला किए जाने के बाद भीषण युद्ध जैसे हालात हैं। हमास आतंकियों ने इजरायल के करीब 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। कई लोगों के घरों में घुसकर बर्बरता से उनकी हत्या कर दी गई।

आने वाले दिनों में यह जंग और भीषण होती हुई दिख रही है। इस बीच, इजरायल भी जबरदस्त जवाबी कार्रवाई कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्री का दावा है कि इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में अब तक 900 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 4600 लोग घायल हैं। इजराइल और हमास जंग पर दुनियाभर के देशों की निगाहें हैं।

अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, भारत जैसे देश इजराइल का साथ रहे हैं, तो वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने बड़ा ऐलान किया है। उसने फिलिस्तीन को 20 मिलियन डॉलर की सहायता राशि देने का फैसला किया है।



### ब्लू लाइन पर 200 भारतीय सैनिक तैनात

एक भारतीय अधिकारी ने कहा, 'जिन क्षेत्रों में भारतीय दल तैनात है, वहां कोई हमला या विस्फोट नहीं हुआ है।' गोलन हाइट्स पर इजराइली और सीरियाई बलों के बीच संयुक्त राष्ट्र डिसेंगमेंट फोर्स (यूएनडोफ) के हिस्से के रूप में 200 भारतीय सैनिक भी तैनात हैं। भारत के दुनिया में विभिन्न संयुक्त राष्ट्र शांति प्रदर्शन अभियानों में 5,934 सैनिक तैनात हैं। लेबनान में यूनिफिल 110 किमी की 'ब्लू लाइन' पर तैनात है। यूनिफिल ने कहा कि रविवार को दक्षिण-पूर्व लेबनान से काफर शोबा क्षेत्र में इजराइल के अधिकार में आने वाले इलाके की ओर कई रॉकेट दागे गए।

### यूएई फिलिस्तीन को दे रहा 20 मिलियन डॉलर

अमीरात मीडिया के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान ने फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता के लिए 20 मिलियन डॉलर आवंटित किए हैं। यह मदद जल्द ही फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी के जरिए से भेजी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि यह संकट के समय कमजोर आबादी को तत्काल राहत और सहायता प्रदान करने की यूएई की नीति का हिस्सा था। बता दें कि इजराइल द्वारा भीषण हमले के बाद अब लगभग 74,000 विस्थापित लोग गाजा में 64 यूएनआरडब्ल्यूए आश्रयों में रह रहे हैं।

### आरोपों के बाद अब रिश्ते सुधारने में जुटा कनाडा

# जयशंकर संग सीक्रेट मीटिंग!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

पिछले महीने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक गतिरोध बना हुआ है। ऐसे में खबर है कि अमेरिका में कनाडा की विदेश मंत्री ने जयशंकर के साथ सीक्रेट मीटिंग की है। हालांकि, अभी तक दोनों देशों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के बीच यह मुलाकात हुई। हालांकि, कनाडा और भारत के विदेश मंत्रालय ने इस मीटिंग की कोई पुष्टि नहीं की है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कनाडा सरकार दरअसल भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रही है।



### आरोपों पर भारत का जवाब

कनाडा के डबल स्टैंडर्ड को भारत ने दुनिया के सामने एक्सपोज कर दिया है। कनाडा सरकार के आरोपों का भारत की तरफ से करारा जवाब दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि हमने कनाडा की धरती पर आतंकी गतिविधियों के बारे में उन्हें जानकारी दी, लेकिन कनाडा ने कोई विशेष जानकारी (निज्जर की हत्या को लेकर) भारत के साथ शेयर नहीं की है। कनाडा आतंकी गतिविधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। उसे अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के बारे में सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा कनाडा और पाकिस्तान द्वारा वित्त पोषित और समर्थित आतंकवाद है।

### 19 सितंबर को लगाया था आरोप

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 19 सितंबर को कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बीते कुछ हफ्तों से कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर और भारत सरकार के संभावित कनेक्शन के विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय तौर पर जांच कर रही हैं। कनाडा कानून का पालन करने वाला देश है। हमारे नागरिकों की सुरक्षा और हमारी संप्रभुता की रक्षा करना हमारा मौलिक कर्तव्य है। हालांकि, कनाडाई सरकार की ओर से ऐसे कोई भी साक्ष्य सार्वजनिक नहीं किए गए हैं कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है।

## हेरात में फिर भूकंप के झटके

**काबुल**। अफगानिस्तान के हेरात सूबे में बुधवार को 6.3 तीव्रता के भूकंप से 100 से अधिक लोग घायल हो गए। अमरीकी भूगर्भ संर्वेक्षण के अनुसार भूकंम का केंद्र हेरात सूबे की राजधानी से 28 किलोमीटर दूरी पर था। कुछ दिन पहले ही इसी क्षेत्र में दो तेज भूकंप से 2000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। सहायता एजेंसियो ने कहा कि भूकंप ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सामग्री का अभाव है।

# हिंद महासागर की मजबूती के लिए अखंडता का सम्मान जरूरी

**एजेंसी** | कोलंबो

भारत ने बुधवार को कहा कि संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ-साथ एक बहुपक्षीय नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था हिंद महासागर को एक मजबूत समुदाय के रूप में पुनर्जीवित करने का आधार है। भारत के निशाने पर परोक्ष तौर पर चीन था जो इस क्षेत्र में अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां 'हिंद महासागर रिम एसोसिएशन' (IORA) के मंत्रियों की परिषद की 23वीं बैठक में कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि के आधार पर हिंद महासागर को एक मुक्त, खुला और समावेशी स्थान बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका ग्रहण की।

### आखिर किस खजाने की चीन को है तलाश

# हजारों मीटर की खुदाई पर कर रहा काम

### क्रिटैसियस पीरियड के पत्थरों की खोज

**एजेंसी** | बीजिंग

स्पेस साइंस में वैसे दुनिया के अलग अलग देश अपनी कामयाबी का पताका लहरा रहे हैं, लेकिन धरती के अंदर के रहस्य को समझने में दुनिया अभी बहुत पीछे है। धरती के अंदर क्या कुछ चल रहा है और क्या खजाना छिपा है, उसे जानने और समझने के लिए चीन ने एक बड़ा फैसला किया है, वो धरती में 10 किमी गहराई तक खुदाई की योजना पर काम कर रहा है। करीब 10 लेयर की खुदाई के बाद चीन को यकीन है कि वो क्रिटैसियस पीरियड (145 मिलियन साल) के पत्थरों तक पहुंच बना लेगा।



### धरती की गहराई में नमी वाली चट्टानें

चीन की यह खुदाई वैसे तो किसी रिकॉर्ड के करीब नहीं होगी, क्योंकि 24 मई 1970 को रूस के पश्चिमोत्तर इलाके में स्थित कोला पेनिनसुला में 11 किमी के करीब खुदाई की थी। टीम को यकीन है कि धरती के नीचे इतनी गहराई में जो चट्टानें हैं, उनमें नमी अधिक है। इससे पहले वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि पानी इन चट्टानों के जरिए रिस नहीं सकता है। यही नहीं, उन्हें यकीन था कि बेसाल्ट की एक परत भी हो सकती है जो समंदर के क्रस्ट में मिली थी, लेकिन नतीजा कुछ अलग था। उन्हें इग्नीयस चट्टानों की जगह मेटामॉर्फिक ग्रेनाइट मिला, चूंकि कांटिनेंट का क्रस्ट नीचे जाने पर ग्रेनाइट है।

### पृथ्वी में खुदाई आसान नहीं

पृथ्वी में खुदाई हमेशा इतनी आसानी से नहीं होती है। 1960 के दशक में एक अमेरिकी टीम कुप्रबंधन और वित्तीय समस्याओं के कारण परियोजना रद्द करना पड़ा था। चाइनीज एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के एक अकादमिक सन जिनशेंग के मुताबिक ड्रिलिंग परियोजना की कठिनाई की तुलना दो पतली स्टील केबलों पर चलने वाले एक बड़े ट्रक से की जा सकती है। पृथ्वी की पपड़ी परिवर्तनशील है। औसतन यह लगभग 30 किलोमीटर मोटा है, हालांकि पर्वत श्रृंखलाओं में इसकी मोटाई 100 किलोमीटर तक पहुंच सकता है। हम सब अभी भी पृथ्वी के आवरण तक पहुंचने से काफी दूर है।

# विषय रखा गया है 'समृद्ध ज्ञान समाज'

### अबू धाबी में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन आर्काइव्स कांग्रेस शुरू

**एजेंसी** | अबू धाबी

इंटरनेशनल काउंसिल ऑन आर्काइव्स कांग्रेस अबू धाबी 2023, अबू धाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में शुरू हुई। इसका विषय 'समृद्ध ज्ञान समाज' है। इसका उद्देश्य अभिलेखागार के क्षेत्र में विशेषज्ञों और दुनिया भर के विचारशील नेताओं को एक साथ लाना है। इसमें भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार के महानिदेशक की अध्यक्षता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल एक सदी से भी अधिक पुराने अमूल्य दस्तावेजों का संग्रह लेकर आया है।



यह आयोजन जलवायु परिवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियों, शांति और सहिष्णुता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl